हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 01.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 129 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## परिवर्तन के वाहक और देश की विकास गाथा के नायक हैं युवा : लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 21वीं सदी भारत की है और इस सदी में युवा हमारी विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे। बिरला आज मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के 27वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। बिरला ने कहा कि युवाओं में नई उमंग, नया उत्साह, सामर्थ्य, नई इनोवेशन करने की क्षमता और समय की मांग के अनुसार बदलाव लाने का आत्मविश्वास है। विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है और हमारी युवा पीढ़ी इस परिवर्तन में सबसे आगे है।

नवाचार और प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 21वीं सदी भारत और यहां के युवाओं की है, जो पूरी दुनिया के देशों में नवाचार क्रांति को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत की ज्ञान, सामर्थ्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत को मजबूत भविष्य की आधारशिला बताते हुए उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात दुनिया को एक परिवार मानने की विचारधारा की बात भी की। उन्होंने प्रौद्योगिकी, नवाचार और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे अन्य व्यवसायों के क्षेत्रों में दुनिया भर में भारतीयों के नेतृत्व की सराहना भी की, जो विभिन्न उद्योगों में वैश्विक उत्कृष्टता के नए आयाम गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा परिवर्तन के वाहक हैं और भारत



की विकास गाथा के नायक हैं। भारत की विकास गाथा में लोकतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि संवाद और चर्चा राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के बारे में बात करते हुए उन्होंने संवैधानिक मूल्यों के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता का जिक्र किया, जिससे हमारी सफलता का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर कठिनाइयों को पार करते हुए शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नेतृत्व में उत्कृष्टता हासिल की थी। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से दुनिया को बेहतर बनाएं।

बिरला ने स्नातक छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने न केवल छात्रों को अकादमिक ज्ञान प्रदान करने बल्कि उन्हें दुनिया और देश के भीतर सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देने के लिए विश्वविद्यालय के संकाय की भी प्रशंसा की। उन्होंने स्नातक छात्रों के जीवन में विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान की बात करते हुए उनकी सराहना भी की। बिरला ने कहा कि प्रत्येक योगदान, चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, छात्रों की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण रहा है। लोक सभा अध्यक्ष ने छात्रों को परिवर्तन के वाहक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें आत्मविश्वास, दृढ़ विश्वास और बेहतर भविष्य के दृढ़ संकल्प के साथ विश्वपटल पर अपनी राह ढूंढने की सलाह दी।

## चाईबासा में सुरक्षाबलों ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू को किया ढेर





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा/ खूंटी :** पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस के साथ मुठभेड़ में नक्सली एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। यह मुठभेड़ टेबो थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बता दें कि पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस बल की विशेष टीम के साथ हुए मुठभेड़ में पीएलएफआई एरिया कमांडर लंबू मारा गया है। वो टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव के जंगल में मारा गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चाईबासा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सूत्रों से सूचना मिली थीकि पीएलएफआई कमांडर अपने दस्ते के सदस्यों के साथ टेबो और बंदगांव थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना मिलने पर विशेष अभियान दल का गठन किया गया और 29 नवंबर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसी दौरान आज सुबह 9 बजे के आसपास तोमरोम के जंगली क्षेत्र में रोरो नदी के किनारे उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। बाद में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख पीएलएफआई के उग्रवादी भाग खड़े हुए।

मुठभेड़ के बाद आस-पास के इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान पीएलएफआई के एक उग्रवादी का शव मिला। जिसकी पहचान एरिया कमांडर रांडुग बोदरा उर्फ लंबू के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल के पास से हथियार कारतू और अन्य सामान भी बरामद किए गए।

दरअसल पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन को लंबू ने संभाल रखा था। खूंटी और चाईबासा जिले के सीमावर्ती इलाकों में लंबू ने अपनी एक हुकूमत कायम कर रखी थी। लंबू को चाईबासा पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। चाईबासा जिले के टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव स्थित जंगल में हुई मुठभेड़ में लंबू मारा गया है। खूंटी और चाईबासा जिले के विभिन्न थानों में लंबू के खिलाफ कई नक्सली कांड दर्ज हैं। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न गांव के जंगलों में छापेमारी करती रही, लेकिन हमेशा पुलिस को चकमा देकर वो भागने में कामयाब हो जाता था।

19 नवंबर को पीएलएफआई का एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा मुरहू थाना क्षेत्र के रूमजुई गांव रंगदारी मांगने पहुंचा था, नहीं देने पर गाड़ी चालक दीपक सोय का अपहरण कर लिया था। समय रहते पुलिसिया दबाव के कारण उसे छोड़ना पड़ा। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक देसी राइफल, मैगजीन और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया था। एसपी अमन कुमार ने बताया कि लंबू के मारे जाने से खूंटी जिले के मुरहू और तोरपा इलाके में भयमुक्त माहौल बनेगा।

### लंबू का आपराधिक इतिहास

**साल 2022 में दर्ज मामला**

- खूंटी थाना कांड संख्या-95/22 दि0-24.05.22. अवैध रूप से हथियार एवं गोली के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।

**साल 2023 में दर्ज मामला**

- मुरहू थाना कांड संख्या-34/23, दि0-21.07.22, अवैध गोली, पीएलएफआई का पर्चा एवं चोरी के मोटर साईकिल के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।
- मुरहू थाना कांड संख्या-37/23, दि0-28.07.22, अवैध पिस्टल, गोली, पीएलएफआई का पर्चा, चंदा रसीद के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।
- मुरहू थाना कांड संख्या-39/23, दि0-06.08.22, पीएलएफआई का पर्चा, चंदा रसीद, अवैध हथियार, गोली एवं लेवी के पैसे के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।
- मुरहू थाना कांड संख्या-50/23, दि0-08.09.23, अवैध हथियार एवं गोली के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।
- मुरहू थाना कांड सं0-73/23, दि0-07.12.23, पीएलएफआई का सदस्य होने एवं संगठन के चंदा रसीद तथा चोरी की सवारी गाड़ी रखना।

**साल 2024 में दर्ज मामला**

- मुरहू थाना कांड सं0-28/24, दि0-04.04.24, प्रतिबंधित हथियार, गोली एवं पीएलएफआई संगठन का पर्चा रखना।
- अड़की थाना कांड सं0-24/24, दि0-09.04.24, अवैध हथियार, गोली एवं नक्सली पर्चा के साथ रंगे हाथ पकड़े जाना।
- मुरहू थाना कांड सं0-24/24, दि0-30.03.24, गुल्लु बाजार के व्यापारियों से लेवी मांगने एवं नहीं देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी देना।
- रनिया थाना कांड सं0-14/24, दि0-17.04.24,प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सदस्य होना, संगठन का सहयोग करना, संगठन का पर्चा रखना, अवैध हथियार गोली रखना, लेवी मांगना एवं लेवी का रूपया बरामद होना।
- मुरहू थाना कांड सं0-63/24 दि0-20.11.24, वादी के घर पर आकर धमकी देने, तोड़-फोड़ करने एवं एक व्यक्ति को अपहरण कर ले जाना।

### एक नजर

### बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद को पांच साल की सजा

**रांची :** खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद सिन्हा को एक मामले में रांची के एसीबी के विशेष कोर्ट ने शनिवार को पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, यह मामला 12 योजनाओं के मद से 88 लाख की अवैध निकासी से जुड़ा है। राम बिनोद सिन्हा के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 17 केस दर्ज की थी। इसमें से तीन मामले में फैसला आ चुका है। बाकी 14 केस पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर हो चुका है। खूंटी जिला परिषद में पदस्थापित रहते हुए करोड़ो की अवैध संपति अर्जित करने का उसपर आरोप है। 18.76 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा का उसपर आरोप है। एसीबी की दबिश बढ़ने पर दो साल से राम बिनोद सिन्हा फरार चल रहा था। 18 जून, 2020 को कोलकाता से उसे गिरफ्तार किया गया था। मामले को लेकर एसीबी ने साल 2017 में अनुसंधान शुरू की थी।

### एक करोड़ की अफीम जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई में एक करोड़ रुपये से अधिक की अफीम जब्त की है। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नदिया जिले के कालीगंज थाना क्षेत्र के देवग्राम रेलवे स्टेशन मैदान में छापेमारी कर दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे अफीम बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगजीवन सिंह मुंडा (30) निवासी रांची, झारखंड और अब्बास मंडल (40) निवासी कालीगंज, नदिया के रूप में हुई है। दोनों पर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त होने का आरोप है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से 8.5 किलोग्राम अफीम का अर्क बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ कालीगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। एसटीएफ के एसपी बसु ने आज बताया कि गिरफ्तार आरोपित एक बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और उनकी गतिविधियों की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य विधायकों ने की मुलाकात





**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप एवं पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारियों ने हेमन्त सोरेन से की मुलाकात





**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे ,एडीजी टी कांडासामी, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम और एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## प्रदेश भाजपा की समीक्षा बैठक में हारे हुए उम्मीदवारों से वन-टू-वन लिया गया फीडबैक

**रांची :** प्रदेश भाजपा शनिवार से हार के कारणों की समीक्षा में जुट गई है। यह सिलसिला रविवार तक जारी रहेगा। हार के कारणों में अंदरूनी कलह और भीतरघात की बातें सामने आई हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय के अलावा भाजपा के सभी प्रत्याशी एवं सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, समीक्षा बैठक में भाजपा उम्मीदवारों ने हार की वजह बताई। कई उम्मीदवारों ने कहा कि मंईयां योजना के प्रति जनता का आकर्षण रहा।

## पदयात्रा के दौरान अरविंद केजरीवाल पर युवक ने फेंका स्प्रिट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को पदयात्रा के दौरान एक युवक ने स्प्रिट फेंका। बताया जा रहा है कि स्प्रिट केजरीवाल के कपड़ों पर पड़ा, तब तक उनके साथ चल रहे सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़ लिया। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हल्ला बोल दिया है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को ग्रेटर कैलाश विधानसभा के सावित्री नगर इलाके में अरविंद केजरीवाल पद यात्रा निकाल रहे थे। आसपास भारी भीड़ थी। लोग उनसे हाथ मिलाने का लगातार प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने बिल्कुल करीब आकर उनके कपड़ों पर कुछ फेंका। उसे तुरंत वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने



पकड़ लिया। उस समय केजरीवाल के साथ मौजूद सौरभ भारद्वाज ने बताया, जब उस आदमी ने अरविंद केजरीवाल पर कुछ फेंका तो मैं उनके साथ मौजूद था। मेरी जैकेट पर भी कुछ गिरा है और जैकेट गीली हुई है।

### भाजपा बौखलाहट में केजरीवाल पर हमला करवा रही : आतिशी

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट में आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला करवा रही है।

सुश्री आतिशी ने एक्स पर कहा आज दिन दहाड़े भाजपा के कार्यकर्ता ने केजरीवाल पर हमला किया। दिल्ली का चुनाव तीसरी बार हारने की बौखलाहट भाजपा में दिख रही है।

उन्होंने कहा भाजपा वालों, दिल्ली के लोग ऐसी घटिया हरकतों का बदला लेंगे। पिछली बार 08 सीटें आयीं थी, इस बार दिल्ली वाले भाजपा को जीरो सीट देंगे।

आप के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा कल दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर अरविंद केजरीवाल ने आवाज उठाई और आज ही उन पर कायराना हमला किया गया।ये बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अरविंद केजरीवाल के साथ करोड़ों लोगों का आशीर्वाद है। जाको राखे साइयाँ मार सके ना कोय!

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा आज केजरीवाल पर हमला करने वाला गुंडा सीधा भाजपा से जुड़ा हुआ है।

सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि उस युवक ने स्प्रिट फेंका था और उसका इरादा आग लगाने का था। लेकिन वहां मुस्तैद कार्यकर्ताओं और सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, आज अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के एक गुंडे ने हमला किया। कल उन्होंने दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और आज उन पर कायराना हमला हुआ। यह हरकत बताती है कि कानून-व्यवस्था के सवाल उठाते ही भाजपा कितनी बौखला गई है। लेकिन भाजपा वालों! ध्यान रखना, उनका नाम अरविंद केजरीवाल है। तुम्हारे गुंडों के हमलों से वह डरने वाले नहीं हैं। आप सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर लिखा, कल दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर अरविंद केजरीवाल जी ने आवाज उठाई और आज ही उन पर कायराना हमला किया गया। यह बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। अरविंद केजरीवाल के साथ करोड़ों लोगों का आशीर्वाद है। जाको राखे साइयां मार सके न कोय!

## पलामू के बालिका गृह में बच्चियों का यौन शोषण, दो हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** बालिका गृह में नाबालिग बच्चियों को रखकर उनका संरक्षण करना है लेकिन पलामू जिले के मेदिनीनगर के सुदना में संचालित संस्थान में यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। मामले में शिकायत के बाद शनिवार को एएसपी राकेश कुमार की जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। सुपरिटेंडेंट राम प्रताप गुप्ता (72) और एक महिला काउंसलर को हिरासत में ले लिया गया है। एएसपी राकेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच में बच्चियों से यौन शोषण की बात सही साबित हुई है। इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आई है। फिलहाल सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गयी थी। टीम में सचिव सह वार्ड 33 की प्रथम पार्षद चंचला देवी, सहायक सचिव किरण कुमारी एवं को-ऑर्डिनेटर शिला कुजूर भी थीं। इस क्रम में बच्चियों ने यौन शोषण की बात बताई। बच्चियों के मुताबिक, आरोपित राम प्रताप गुप्ता का घर बालिका गृह के पास में ही बैंक कॉलोनी में है।

एक बच्ची ने कहा कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गए। इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बच्ची ने कहा कि उसके साथ भी सुपरिटेंडेंट ने गलत करने का प्रयास किया था। दोनों बच्चियां सुपरिटेंडेंट को दादाजी कहकर बुलाते थे। बालिका गृह में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया।

## एक नजर

### रैयतों को उचित मुआवजा मिले अन्यथा नहीं होगा भूमि अभिग्रहण : मनोज यादव

**चौपारण** : शनिवार को पिपरा के रैयतों के शिकायत पर पिपरा पहुँचे बरही विधायक मनोज कुमार यादव। रैयतों ने बताया कि सड़क निर्माण कंपनी और एनएच के अधिकारी दबाव बनाकर जमीन का अधिग्रहण कर रहे है जबकि अभी तक मुआवजा नही मिला है। विधायक ने एनएच के अभियंता मुकेश कुमार को मौके पर बुलाकर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने एनएचआई के पीडी से टेलीफोनिक बात कर कहा कि जब तक पिपरा के रैयतों को मुआवजे की भुगतान नही होता तब तक भूमि अधिग्रहण का कार्य नही करें। मालूम हो कि पिछले 5 वर्षों से सड़क निर्माण कार्य धीमे गति से चल रहा है। पिपरा में भूमि अधिग्रहण में कई विसंगतियां है जिसे अब तक दूर नही किया गया है। मौके पर विकास रॉय, छोटु चन्द्रवंशी, सीताराम राणा, योगेंद्र कुमार, गुड्डू गुप्ता, बबलू कुमार, उमेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### लिपिक संदीप के असामयिक निधन पर उपायुक्त ने जताया दुःख



**हजारीबाग** : जिला अभिलेखागार कार्यालय, हजारीबाग में कार्यरत लिपिक संदीप कुमार दुबे का आज ईलाज के क्रम में दिनांक 30.11.2024 के पूर्वाह्न में निधन हो गया है। वें लंबे समय से बीमार थे। उनके दुखद निधन एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए आज उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत समाहरणालय के सभी अधिकारी कार्मियों ने सभाकक्ष में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

### 23 हाथियों का झुंड जंगल से निकल चार एकड़ में लगी फसल को किया बर्बाद


**हजारीबाग** : शहर से सटे चेहला पंचायत में 23 की संख्या में हाथियों का झुण्ड जंगल से निकल खेत की ओर बिचरण करते आ धमका। खेत में लगी फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया और चट करता गया। कुछ दिनों पूर्व खेत में भी काम कर रही चार महिला को हाथी अपनी गिरफ्त में ले लेता किन्तु आनन-फानन में तीन महिला भागने में सफल रही और एक को हाथी अपनी जद में ले लिया। जिसे हाथीयो ने मौत की घाट उतार दिया वही एक किशन विनोद कुमार को हाथी ने दौड़ा दिया भागने के कर्म में विनोद का हाथ और एक पैर टूट गया।
यह झुण्ड लगभग 15 दिन से अगल बगल ही डेरा डाले हुए है आये दिन खेत में लगे फसल को बर्बाद कर रहा है।

### मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने विधायक मनोज कुमार यादव का किया स्वागत

**बरही** : बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बरही के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी जीत पर बधाई दीं। यह स्वागत समारोह विधायक आवास में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मनोज कुमार यादव की जीत बरही क्षेत्र के विकास और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह जीत क्षेत्र में नई उम्मीदों और विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। उन्होंने विधायक मनोज कुमार यादव को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह सराहनीय है।

# 35 करोड़ से तिलैया डैम बनेगा विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन और विकास को नई दिशा देने के लिए वर्षों से लंबित योजना को आखिरकार स्वीकृति मिल गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का विश्व स्तरीय विकास करना है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बरही विधायक मनोज कुमार यादव और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की संयुक्त पहल इस उपलब्धि का आधार बनी। हाल ही में दिल्ली प्रवास के दौरान दोनों नेताओं ने विभागीय मंत्री से मुलाकात कर योजना की लंबित स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनके प्रयासों का परिणाम यह रहा कि योजना को तुरंत स्वीकृति मिल गई। बरही विधानसभा क्षेत्र स्थित जवाहर घाट और तिलैया डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पहले से ही जाने जाते हैं। अब इस योजना के तहत इन स्थलों को विश्व स्तरीय सुविधाओं और अनुभवों से सुसज्जित किया जाएगा। इनमें बेहतर बुनियादी ढांचा, पर्यटकों के लिए आवास सुविधाएं और जल क्रीड़ा जैसे आकर्षण शामिल हैं।गौरतलब है कि 2014-19 के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने इस योजना के लिए स्वीकृति दिलाई थी। हालांकि, प्रशासनिक बाधाओं और पैसो के आभाव के कारण यह योजना अमल में नहीं आ सकी और लगभग पाँच वर्षों तक ठंडे बस्ते में पड़ी रही। अब पुनः स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों में उत्साह है।

**स्थानीय लोगों की उम्मीदें**

योजना के क्रियान्वयन से न केवल बरही विधानसभा की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि इस क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी। स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने की संभावना है। इस योजना के पूरा होने से बरही विधानसभा न केवल झारखंड में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। इसके साथ ही यह क्षेत्र का विकास और समृद्धि के नए मानदंड स्थापित करने के लिए तैयार है। इस सम्बंध में विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताया है। उन्होने कहा कि पिछले कार्यकाल में उनके प्रयास से योजना की स्वीकृति मिल गई थी लेकिन उनके हारने के बाद योजना को ठंडा बस्ता में डाल दिया गया था। केंद्र सरकार ने एक बार फिर योजना की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। विधायक श्री यादव ने कहा कि तिलैया डैम व जवाहर घाट के विकसित होने से स्थानीय लोगो को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र विकसित होगा।

## ट्रेलर की चपेट में आने से कोयला मजदूर की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित 13 माइल टीपी 4 के पास टाइल्स लदे 18 चक्का ट्रेलर के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार कोयला मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम कांडाबेर निवासी केदार साव उम्र 47 वर्ष के रूप में की गई है। यह घटना शनिवार के अहले सुबह लगभग 6:45 बजे की है।परिजनो ने बताया कि केरेडारी में कोयला खरीद कर हजारीबाग कोयला बेचने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था।ट्रेलर का नंबर है। ट्रेलर पलटने के कारण केदार साव पूर्ण रूप से दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद केदार साव को ग्रामीणों ने टाइल्स से खींच कर बाहर निकाला। बताया जाता है कि ट्रक हजारीबाग की ओर से बड़कागांव की ओर आ रहा था।वह काफी तेज गति से चला आ रहा था परंतु घाटी में तीखी मोड़ होने के कारण ट्रेलर असंतुलित हो गया और मोड़ पर ही पलट गया।घटना को लेकर आक्रोशित बड़कागांव केरेडारी के ग्रामीणों द्वारा बड़कागांव - हजारीबाग रोड को सुबह 6:45 से बजे सुबह से जाम कर दिया गया। और मुआवजे की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक रोड जाम थी। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री खुशबू कुमारी उम्र 27 वर्ष, लक्ष्मी कुमारी उम्र 25 वर्ष,एवं प्रियांशु कुमारी उम्र 19 वर्ष पुत्र राहुल कुमार अविवाहित, पत्नी मीना देवी एवं बूढ़े माता-पिता छोड़ गए। वह घर का अकेला कमाऊ था। उनकी मृत्यु हो जाने के बाद घर के खर्च कैसे चलेगी यह लोगों को चिंता सता रही थी।

## हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना और विकास के नए रास्ते खोलना है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने रांची में एक शिष्टाचार मुलाकात की, इस अवसर पर उन्होंने हटिया विधायक नवीन जयसवाल, डालटेनगंज विधायक आलोक चौरसिया, कोडरमा विधायक नीरा यादव और पांकी विधायक शशिभूषण मेहता से मिलकर अपने विजयी चुनावों के लिए उन्हें बधाई दी। मुलाकात के दौरान, सभी विधायकों ने एक-दूसरे को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस परिप्रेक्ष्य में, उन्होंने क्षेत्रीय विकास और जनता की बेहतर के लिए सहयोग और साझा प्रयासों की बात की। नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी नेताओं के साथ अपने क्षेत्र की समृद्धि और जनकल्याण के लिए काम करने के अपने संकल्प को व्यक्त किया। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना और विकास के नए रास्ते खोलना है। हम सभी मिलकर राज्य की प्रगति में अपना योगदान देंगे। सभी विधायक इस मुलाकात से उत्साहित थे और उन्होंने राज्य में राजनीतिक स्थिरता और समाज में सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की बात की। यह मुलाकात एक सकारात्मक संदेश देने वाली रही, जिसमें सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में एक-दूसरे के योगदान की सराहना की और एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुंडू व मॉडल स्कूल में मुखिया विजय यादव ने किया साइकिल वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुंडू व मॉडल स्कूल में उन्नति का पहिया योजना के तहत वर्ग अष्टम के छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस विशेष कार्यक्रम में मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साइकिल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव, विद्यालय प्रभारी मुनीलाल राम, सहायक शिक्षक बाबूलाल यादव, मनोज पंडित, नरेश यादव, सुरेश कुमार और जागेश्वर ठाकुर भी शामिल हुए। मुखिया विजय कुमार यादव ने कहा, साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित न हो। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, और यह पहल उसी दिशा में एक छोटा कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने उन्नति का पहिया योजना की प्रशंसा की। उनका कहना था कि यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करेगी, बल्कि उनके भविष्य को भी नई दिशा देगी।

## गरीब महिला ने अंचल अधिकारी से अंबेडकर आवास निर्माण में सहयोग की लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको निवासी सुदामा देवी पति स्व. जागेश्वर रविदास जो अनुसूचित जाति से संबंधित हैं और भूमिहीन हैं, उन्होंने बरही अंचल अधिकारी को एक आवेदन देकर अपने अम्बेडकर आवास निर्माण में सहयोग की मांग की है। सुदामा देवी ने बताया कि उन्हें बरही अंचल द्वारा आवास निर्माण के लिए दो डीसमिल जमीन आवंटित की गई थी। इस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करने के दौरान, गांव के कुछ लोगों ने बाधा डाली। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के अलीबक्स अंसारी व उनके परिवार ने उनके द्वारा बनाई गई बुनियाद को तोड़ दिया और जबरन कब्जा करने की कोशिश की। सुदामा देवी ने कहा कि मैं एक असहाय महिला हूं और अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करने में असमर्थ हूं। मैंने कई बार अंचल कार्यालय और थाने में शिकायत दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि वह वर्तमान में सरकारी स्कूल के भवन में रहने को मजबूर हैं। सुदामा देवी ने अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि उनका आवास निर्माण कार्य पूरा हो सके। सुदामा देवी ने अंचल अधिकारी से आग्रह किया है कि वे उनकी समस्या को हल करने के लिए उचित कदम उठाएं और उन्हें न्याय दिलाएं। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास, गुलाब दास भी मौजूद रहे।

# रामगढ़ में वेब्स होटल के मालिक के घर से 50 लाख की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : शहर के शिवाजी रोड स्थित होटल वेब्स में 8 साल से काम कर रहे स्टाफ ने होटल के मालिक का घर साफ कर दिया। होटल स्टाफ ने लगभग 50 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। होटल वेब्स के मालिक संजीव चड्ढा के बयान के आधार पर पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है।

होटल वेब्स चार मंजिला मकान में संचालित होता है। नीचे के दो ताले में होटल और पार्टी हॉल है। उसके ऊपर संजीव चड्ढा का पूरा परिवार रहता है। जिस कमरे में जेवर और नकदी से भरा अलमीरा मौजूद था, शातिर होटल स्टाफ आकाश धनक ने वहीं धावा बोला। यह घटना तब हुई जब होटल मालिक पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में बाहर गए थे। होटल बंद था और स्टाफ के लिए कुछ कमरे खुले हुए थे। इसी खालीपन का फायदा चोर आकाश धनक ने उठाया और 28 नवंबर को उसने इस वारदात को अंजाम दिया। सीसीटीवी में आकाश के घुसने और निकालने का वीडियो भी कैद हुआ है।

**दूसरे मकान के छत से घुसा चोर, 3 महीने से कर रहा था रेकी**

पुलिस के अनुसार, आकाश धनक 8 साल तक होटल वेब्स का स्टाफ रहा। तीन महीने पहले उसने अपनी नौकरी छोड़ी और घर चला गया लेकिन उसकी पूरी नजर होटल पर ही थी। होटल मालिक का पूरा परिवार कब बाहर जाने वाला था, इसकी जानकारी भी वह होटल स्टाफ से फोन कर ले रहा था। उसे पता चल गया था कि संजीव चढ़ा अपने पूरे परिवार के साथ शादी में शामिल होने के लिए चार दिनों तक बाहर रहेंगे। होटल के बगल के मकान में भी शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। लोगों की भीड़भाड़ का फायदा आकाश को मिला। वह दूसरे घर से होकर संजीव चढ़ा के घर में घुसने में सफल रहा।

**घर में लगे सीसीटीवी को घुमाया**

संजीव चड्ढा के घर में और होटल में सीसीटीवी लगे हुए हैं। घर में कौन सी चीज कहां होती है, इसकी पूरी जानकारी आकाश धनक को पिछले 8 वर्षों में हो चुकी थी। घर में घुसते ही उसने सीसीटीवी को घुमा दिया ताकि उसकी तस्वीर उसमें कैद ना हो सके। इसके बाद उसने उस अलमारी को तोड़ा, जिसमें लगभग 20 लाख रुपये नकदी और सोने, चांदी, हीरे के जेवरात मौजूद थे।

**29 नवंबर की रात घर पहुंचे परिवार को बिखरा मिला घर**


29 नवंबर की रात संजीव चड्ढा का पूरा परिवार घर लौटा तो उनके होश उड़ गए। पूरा घर बिखरा पड़ा था। जिस अलमारी में पैसे और जेवर रखे गए थे, वह गायब थे। सीसीटीवी को खंगाला तो अलग ही एंगल नजर आया। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने आसपास के घरों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला। इस दौरान उन्हें आकाश धनक का चेहरा नजर आया जो 3 महीने पहले ही उनकी नौकरी छोड़कर अपने गांव मध्य प्रदेश के सागर जिला अंतर्गत मोती नगर थाना क्षेत्र के संत कबीर दास नगर लौट गया था। उन्होंने देखा कि वह उनके पड़ोसी के घर में घुस रहा है और छत के रास्ते से बैग लेकर भाग रहा है।

**होटल स्टाफ गोपाल से वीडियो कॉल पर कर रहा था बात**

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आकाश धनक लगातार होटल स्टाफ गोपाल कुमार के संपर्क में था। वह उसे वीडियो कॉल करके पूछताछ करता रहता था। इस दौरान वह अक्सर होटल के व्यापार और मालिकों की मौजूदगी की जानकारी जुटाता रहता था।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने इलाज हेतु जरूरतमंद को उपलब्ध करायी 50 हजार की राशि



**बड़कागांव** : बड़कागांव के पूर्व विधायक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने एक गरीब मरीज को झारखंड सरकार से 50000 सहयोग दिलाया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा निवासी मनोज कुमार दास की पुत्री जो गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। उनका इलाज जारी था। इलाज में अत्यधिक खर्च होने के कारण इलाज करने में वह असमर्थ था इसकी जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ता कालेश्वर राम के द्वारा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को दी गई। तत्पश्चात पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने संज्ञान लिया।अंबा प्रसाद ने तत्काल मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना से इलाज का खर्च उपलब्ध कराने हेतु अनुशंसा किया। इसके बाद पचास हजार रुपए की मरीज के परिजनों को प्राप्त हुआ। जिसका चेक अंबा प्रसाद ने परिजनों को सौंप दिया व शीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की है।

### चौपारण में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने व्यवसायी एकता मंच के साथ की बैठक



**चौपारण** : अंचल परिसर में चौपारण प्रशासन और व्यवसायी एकता मंच के साथ बैठक कर जीटी रोड किनारे अस्थायी अतिक्रमण को लेकर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। सीओ संजय यादव ने कहा की रोड के दोनों ओर अस्थायी तौर पर अतिक्रमण है। बैठक के दौरान लोगों ने कहा कि अतिक्रमण को लोग द्वारा खुद हटा लिया जायेगा। सभी लोगों ने जल्द निर्माण कार्य आरंभ करने की भी मांग की। निर्माण कार्य सालों से बंद है जिस वजह से दुर्घटना हो रही है। वही एनएचएआई के अभियंता मुकेश कुमार ने कहा कि एक सप्ताह के बाद रोड के दोनों ओर पहले नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा। इसके लिए सामान भी साइड पर गिरना शुरू हो गया है। बैठक में निर्णय लिया गया की बाजार में स्पीड कंट्रोल के लिए आवश्कता अनुसार स्पीड ब्रेकर और रेडियम वाला एरो लगाया जायेगा। व्यवसाईयों ने निर्माण के पांच साल बाद भी साईन बोर्ड नहीं लगाये जाने की बात रखी। कहा कि सडक किनारे गति सीमित करने, निर्माण कार्य जारी के संदेश पट्ट लगाये जाने चाहिए। जगह-जगह घनी आबादी वाले क्षेत्रो में वाहन धीरे चले और घाटी में रेडियम वाला एरो लगाने की मांग की गई। इस बैठक में सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, एनएचएआई के मुकेश कुमार, व्यवसायी एकता मंच के अध्यक्ष शंकर यादव, मुखिया बिनोद सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया शौकत खान, मुखिया जानकी यादव,विकाश यादव सोनू सिंह, रिशु बर्णवाल, रोहित जैन, दिलीप केशरी, प्रकाश केशरी, रंजीत केशरी, विक्रम सिंह,अनिल बरनवाल, सुधीर केशरी, सागर केशरी सहित कई व्यवसायी उपस्थित थे।

### प्रकाश ठाकुर की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी



**बड़कागांव** : चेपाकला ग्राम निवासी 38 वर्षीय प्रकाश ठाकुर को अपराधियों ने उसके ही घर में शुक्रवार रात 11:00 बजे घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। माथे में तीन गोली लगने का गहरा निशान है। घटना को अंजाम देने के पश्चात अपराधियों ने प्रकाश ठाकुर की स्कॉर्पियो को भी नहीं छोड़ा और ले भाग गये। घटना की जानकारी मिलते ही रात तकरीबन 11:30 बजे डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने घटना स्थल से तीन जिंदा कारतूस एक खोखा के अलावा चार पर्ची भी बरामद किया है, पर्ची में आनंद साव ने मारा है लिखा है। घटना को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया प्रकाश ठाकुर के घर का दरवाजा खुला हुआ था, छत में लगा दरवाजा बाहर से बंद पड़ा था। घटना स्थल से तकरीबन 100 मीटर दूरी से टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल लावारिस हालत में बरामद किया गया है। प्रकाश ठाकुर का आपराधिक इतिहास भी रहा है सभी दृष्टिकोण से जांच चल रही है। लगभग 6 अपराधिक कांड में प्रकाश नामजद आरोपी था। 2009 में जुगरा ग्राम निवासी पारा शिक्षक महेश राम की गोली मारकर हत्या करने का आरोप, 2017 में तत्कालीन हजारीबाग में जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति लखन साव के ऊपर राइफल से जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें प्रकाश ठाकुर को भी आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा 2019 में लंगातु में सिकंदर साहू के ऊपर पिस्तौल से हमला कर घायल करने का भी आप लगा था। वहीं तीन अलग-अलग अपराधी घटनाओ में भी प्रकाश ठाकुर को आरोपी था। प्रकाश ठाकुर को गोली मारकर हत्या कर देने घटना को लेकर गांव में भय व्याप्त है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा में 410 लोगों ने किया भोजन



**हजारीबाग/रांची** : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 225 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की इस अन्नपूर्णा सेवा स्व० गीता देवी की पुण्यतिथि में उनकी पुत्री पुष्पा देवी, दामाद बजरंग केडिया, पुत्र महेश अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित थी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 185 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। दोनों अन्नपूर्णा सेवा मे 410 लोगों ने भोजन किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव सबों के परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। दोनों अन्नपूर्णा सेवा विगत ढाई वर्षों से प्रतिदिन निरंतर सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर- मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, संजय सर्राफ,रमेश बंका, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

## एक नजर

### हत्या के विरोध में सड़क पर लगाया जाम

**रांची :** रांची के मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसाहा खटंगा गांव निवासी एरेनियुस टोप्पो की हत्या के मामले में शनिवार को आक्रोशित लोगों ने मांडर थाना गेट के सामने स्थित एनएच-74 मार्ग को जाम कर दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। इस वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि, अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटा लिया। इसके बाद वाहनों का आवगमन चालू हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ देर के लिए लोगों ने सड़क जाम किया था लेकिन समझा-बुझाकर जाम समाप्त करवाया गया। पुलिस मामले के आरोपियों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि एरेनियुस टोप्पो प्रतिदिन की तरह अपने मवेशी को लेकर घर के नजदीक ही स्थित खेत में गये थे। यहां मवेशी को बांधने और खेती बारी के अन्य काम निपटाने के बाद वह ड्यूटी करने बेड़ो जाते थे। खेत के पास एक छोटा सा कमरा भी बना हुआ है। इसकी चाबी शुक्रवार को घर में ही भूल गये थे। इसके बाद उन्होंने चाबी लाने के लिए घर में फोन किया। थोड़ी देर बाद उनकी नतिनी नेहा सुरीन चाबी लेकर खेत पहुंची तो उसने एक अज्ञात व्यक्ति को भागते और खून से लथपथ एरेनियुस टोप्पो को जमीन पर पड़ा देखा था। टोप्पो की धरदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रांची :** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा मोड़ ओवर ब्रिज के ऊपर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की शिनाख्त विरेन्द्र मुंडा (28) के रूप में की गयी है। वह बुंडू थाना क्षेत्र के टांगर टोली का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन के चपेट में आने से विरेन्द्र की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। भीड़ ने सड़क जाम कर दिया। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने प्रतिनिधियों और बुंडू प्रशासन को घटनास्थल पर भेजा। परिजनों को तत्काल सहायता राशि देकर शव को उठा लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। एसडीपीओ बुंडू ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### हेमन्त सरकार में मुंडा जनजाति से एक मंत्री बनना चाहिए : पाहन

**रांची :** जनजातियों में तीसरी सबसे बड़ी आबादी मुंडा जनजाति से चुने गए विधायक को इंडिया गठबंधन सरकार में मंत्री बनाए जाने की मांग मुंडा समुदाय ने की। खूंटकटी मुंडा धर्म सभा और भारत मुंडा समाज के लोग लगातार मंत्री पद के लिए हेमन्त सरकार से अपील कर रहे हैं। शुक्रवार को इसे लेकर अलग-अलग स्थानों में बैठक हुई। मुंडा जनजाति में सामाजिक कार्यकर्ताओं और धार्मिक अगुवा का रांची, खूंटी, तमाड़ समेत अन्य स्थानों पर बैठक करने का सिलसिला जारी है। रांची के डीबडीह में मुंडा सभा के अध्यक्ष नवीन मुंडू और बिलकन डांग ने कहा कि छोटानागपुर का मुंडा जनजाति झारखंड का प्रथम नागरिक है। यहां का प्रधान है। शुरू से ही झारखंड को संवारने का काम किया है। सभी समाज को जोड़ने वाली समुदाय है। खूंटकटी मुंडा धर्म सभा के अध्यक्ष शैलेंद्र पाहन, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष मुंडा और महासचिव देवेंद्र पाहन ने कहा कि महाराजा मदरा मुंडा, धरती आबा, एनई होरो, जयपाल सिंह मुंडा और डॉ रामदयाल मुंडा का संघर्ष से छोटानागपुर बना है। इनकी अपनी भाषा मुंडारी है।

# एनएसजी ने किया नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के जरिये नक्सल विरोधी जंगल 'अभ्यास-थंडरबोल्ट', 27 से 30 नवंबर तक रांची में आयोजित किया गया।

पुलिस मुख्यालय की ओर से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह अभ्यास रांची के बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। अभ्यास में नक्सलियों के जरिये अपनाई जा रही नवीनतम कार्यप्रणाली को शामिल करते हुए विभिन्न परिदृश्यों का अनुकरण किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिक्रियाकताओं को यथार्थवादी अनुभव प्रदान करना था।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूवार्नुमान लगाना तथा मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एकीकृत मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था।



इस अभ्यास में झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी विशेष बल झारखंड जगुआर, आतंकवाद विरोधी दस्ता तथा केंद्रीय सुरक्षा बल प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में शामिल थे, जबकि एनएसजी ने अंतिम प्रतिक्रिया बल के रूप में कार्य किया। इस अभ्यास में त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच नक्सल विरोधी अभियानों में अंतर-संचालन के महत्व को रेखांकित किया गया।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियान, बंधकों को छुड़ाना, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाना और जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों के क्रियान्वयन पर आधारित था। एनएसजी ने इस बात पर जोर दिया कि ये अभ्यास न केवल तैयारी को बढ़ाते हैं बल्कि संकट के दौरान प्रतिक्रियाकताओं को त्वरित और अधिक सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। अभ्यास से पहले, एसपी (एटीएस) कार्यालय में एनएसजी के जरिये नक्सल विरोधी जंगल अभियानों के संचालन में प्रयुक्त हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।

इस अभ्यास ने एनएसजी, झारखंड जगुआर और आतंकवाद विरोधी दस्ता की ओर से अपनाई जा रही विभिन्न सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और उनका अभ्यास करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास से नक्सलियों के जरिये शुरू की गई आपात स्थितियों का अधिक प्रभावी ढंग से जवाब देने और संकट के समय जनता की रक्षा करने के लिए एनएसजी और स्थानीय प्रशासन की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के लिए नोडल पदाधिकारी नामित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के सन्दर्भ में निर्देश दिए। समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया।

जिला स्तर पर प्रत्येक कार्यालय में कर्मी समय पर अपने कार्यालय पहुंचे इसके लिए प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने के लिए भी नोडल पदाधिकारी को उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त किया। समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आईडी कार्ड बनाने तथा आमजनों की शिकायतों के निस्तारण के लिए व्हाट्सएप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की जानकारी उपायुक्त ने ली।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा रांची जिला स्तर पर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा, जिसमें आम जन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। आम लोगों की समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाए, इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों एवं पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## राज्य सरकार से हमें मंत्री पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड सरकार से हमें मंत्री पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सदन में हमारे पास सिर्फ दो विधायक हैं। इसलिए हम सरकार में शामिल करने के लिए राज्य सरकार पर कोई दबाव नहीं बनाएंगे, बल्कि हर कदम पर सरकार का साथ देंगे।

भट्टाचार्य शनिवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि समन्वय समिति बने और इंडिया ब्लॉक द्वारा लोगों को दी गई सात गारंटी को पूरा करने के लिए हम मिलकर काम करें। यदि हमें ज्यादा सीटें दी जातीं, तो नतीजे और बेहतर होते। साथ ही कहा कि झारखंड का जनादेश पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। इससे लोगों का लोकतंत्र में विश्वास फिर से जगा है। भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव के दौरान मैंने ऐसा जहरीला माहौल कभी नहीं देखा था लेकिन झारखंड की जनता ने एकजुट होकर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र को भी झारखंड के जनादेश का सम्मान करना चाहिए और राज्य को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राज्य को उसका हक देना चाहिए। जहां तक हमारी पार्टी का सवाल है, हम एक बार फिर धनबाद में दो सीटें जीतने में कामयाब रहे हैं लेकिन हमें दुख है कि हम बगोदर हार गए। फिर भी सदन में हमारे दो विधायक होंगे। ये विधायक सदन के अंदर और बाहर झारखंड की जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे।

भट्टाचार्य ने कहा कि हम भाजपा की विचारधारा को हराने के लिए प्राथमिकता पर काम करेंगे। हम राज्य में पार्टी के संगठन का विस्तार करेंगे। 2025 में महेंद्र सिंह की 20वीं वर्षगांठ होगी और झारखंड का 25 साल का हो जाएगा और हम राज्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर से 26 जनवरी तक हम संविधान के आदर्शों को पूरे देश में लेकर जाएंगे, जिसके तहत हम विभिन्न मार्च का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अयोध्या पर फैसला अपवाद है और भविष्य में ऐसे मामले नहीं आएंगे। इसके बावजूद निचली अदालतों से सर्वे के आदेश आ रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कल संभल में एक केंद्रीय टीम आएगी और अजमेर में भी ऐसी ही चीजें देखने को मिल रही हैं। ऐसा लगता है कि देश में इस संबंध में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है और देश को पीछे ले जाने की कोशिश की जा रही है।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज को मिला ओवरऑल चैंपियन का खिताब



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरसा कॉलेज खूंटी में चल रही तीन दिवसीय रांची यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलीट मीट का समापन शनिवार को हो गया। महिला वर्ग में 100 मीटर, 400 और 800 मीटर, डिस्कस थ्रो का फाइनल इवेंट हुआ जबकि पुरुष वर्ग में 400 रिले रेस, 800 और 100 मीटर के फाइनल इवेंट हुए। ओवरऑल चैंपियन का खिताब एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को दिया गया। पुरुष वर्ग में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची की टीम विनर रही और राम लखन सिंह यादव कॉलेज रनर। महिला वर्ग में एसएस मेमोरियल कॉलेज की टीम विजेता और संत जेवियर्स कॉलेज रांची की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में राम लखन सिंह यादव कॉलेज के रामचंद्र संग को बेस्ट एथलीट और महिला वर्ग में एसएस मेमोरियल कॉलेज की प्रीति प्रमाणिक को बेस्ट एथलीट का खिताब दिया गया। बिरसा कॉलेज खूंटी को तीन गोल्ड तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 12 मेडल मिले। तीन गोल्ड मेडल के साथ हीरा संग को 1500 और 800 दौड़ में गोल्ड मेडल जैवलिन में अमर कुमार ने गोल्ड मेडल मिला। एथलीट मीट के समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय रांची के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि के समृद्ध भारत के नवनिर्माण मैं खेल की अहम भूमिका हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में रुचि और भाग लेने को कहा। उन्होंने खेल आयोजन के लिए बिरसा कॉलेज खूंटी की सराहना की। इस अवसर पर खूंटी जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि खूंटी जिला खेलों के लिए जाना जाता है।

## श्यामली में कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीबीएसई, सीओई, पटना के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में कला एकीकरण (आर्ट इंटीग्रेशन) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस कार्यशाला में मैक्सलूसकी गंज, लातेहार और राँची प्रक्षेत्र के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 65 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, हटिया की प्राचार्य पल्लवी सिंह और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य खुशी राम झा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में पीपीटी, ऑडियो-वीडियो तथा अन्य क्रियाकलाप के द्वारा प्रदत्त विषय को विस्तार से समझाया। इन्होंने चार सत्र के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में कला एकीकरण से परिचय व संबंध, पाठ्यक्रम में कला एकीकरण का योजनाबद्ध प्रवेश, प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से कला एकीकरण का विकास तथ कला एकीकरण पर सीबीएसई हैंडबुक की जाँच जैसे विषय पर गहनतम प्रकाश डाला।

रिसोर्स पर्सन ने बताया कि कला एकीकरण, सीखने-सिखाने का एक मॉडल है। इसमें कला को निर्देश को बढ़ाने के लिए दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाता है। छात्रों को कला के प्रवेश बिंदु के तौर पर विषय वस्तु सीखने का मौका मिलता है, जिससे बच्चों में आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और धैर्य-दृढ़ता जैसे कौशल विकसित होते हैं। यह विद्यालय में सहयोग, सहकारिता और आत्मविश्वास का माहौल बनाने के साथ दीर्घकालिक अवधारणा में भी सुधार होता है।

## आईसीएआर की समीक्षा समिति बीएयू पहुंची, छह कॉलेजों के एक्रीडिटेशन की पात्रता पर करेगी मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छः नए कॉलेज कॉलेजों के कामकाज की समीक्षा एवं उनके प्रत्यायन के संबंध में अपना मंतव्य देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय पहुंची। इस समीक्षा समिति के अध्यक्ष कृषि एवं बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, शिमोगा, कर्नाटक के पूर्व कुलपति डॉ एमके नाइक हैं।



समिति में सदस्य के रूप में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयंबटूर के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के डीन डॉ ए रबि राज, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के डेयरी टेक्नोलॉजी महाविद्यालय के डीन डॉ लोकेश गुप्त, डॉ वाईएसआर बागवानी विश्वविद्यालय, पश्चिमी गोदावरी जिला (आंध्र प्रदेश) के बागवानी महाविद्यालय की एसोसिएट डीन एवं निदेशक अनुसंधान डॉ एम माधवी तथा आईसीएआर, नयी दिल्ली के शिक्षा प्रभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिनेश चंद्र शामिल हैं। समिति के सदस्य अपनी विशेषज्ञता के अनुसार कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, कांके, रांची; कृषि महाविद्यालय, गढ़वा; तिलकामांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा, फूलो झानो मुर्मू डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, हंसडीहा, दुमका, बागवानी महाविद्यालय, खूंटपानी, चाईबासा तथा रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर का दौरा करेंगे। वहां कॉलेज के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, छात्रावास, परीक्षा भवन, व्याख्यान कक्ष आदि का भ्रमण करेंगे तथा शिक्षकों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं से विमर्श करेंगे।

शनिवार को विश्वविद्यालय के प्रबंध पर्षद कक्ष में प्रसार शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ बीके झा ने विश्वविद्यालय के बारे में तथा 6 नए कॉलेजों के एसोसिएट डीन ने अपने-अपने महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियां और सुविधाओं के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। कुलपति डॉ एससी दुबे ने समिति की जिज्ञासाओं का शमन किया तथा विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मियों के अधिकांश पद रिक्त रहने के कारणों पर प्रकाश डाला।

समिति के अध्यक्ष डॉ एमके नाइक ने कहा कि समिति विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों, कॉलेज और विश्वविद्यालय के कामकाज की समीक्षा करेगी तथा विभिन्न स्टेक होल्डर्स जैसे विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों, पूर्ववर्ती विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों आदि से बात करेगी। अगर विश्वविद्यालय का काम अच्छा है तो उसे और बेहतर एवं सर्वोत्तम बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 से



**रांची :** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी। यह परीक्षा दो पालियों में 18 दिसंबर तक चलेगी। कक्षा एक और दो की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा तीन से सात तक की परीक्षा में सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने शनिवार को इस संबंध में सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजा है।

### बाबूलाल ने हेमन्त सोरेन से आलू के ट्रकों को रोकने के मामले को सुलझाने का किया आग्रह



**रांची :** पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया है कि तत्काल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातकर इस मामले को सुलझाएं। मरांडी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही हैं और आमजनों के रसोई से आलू गायब होती जा रही है। हेमन्त सोरेन ममता बनर्जी से वार्ता कर इस समस्या का निदान करें और झारखंड में आलू की पर्याप्त अपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि राज्यवासियों को बढ़ती महंगाई से राहत मिल सके।

### उपायुक्त ने समय पर कार्यालय आने और संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश



**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक आहूत की गई। सभी को समय पर कार्यालय में आने और कार्य स्थल पर संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। रांची जिला में सभी प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में भी पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बैठक कर सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि यह आवश्यक है कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्यस्थल पर समय से आएं। कार्य अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें और बिना अधिकृत छुट्टी के अवकाश पर ना जाएं। सभी को आम जनता के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया गया। आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरत ना पड़े। प्राथमिकता से उनकी समस्याओं का समाधान करें।

### स्टार इंटरनेशनल स्कूल में कथा वाचन और नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रांची :** स्टार इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को कथा वाचन और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की कला सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने कथा वाचन कौशल से सभी को प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने भावनात्मक, प्रेरणादायक और हास्य पूर्ण कहानियों को अपनी शैली में प्रस्तुत किया। उनकी आवाज, हाव-भाव और कहानी कहने की कला ने निर्णायकों और दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा प्रेप के ऋषभ झा, कक्षा एक की अनिका, द्वितीय स्थान पर कक्षा प्रेप की नायरा और देवराज रहे जबकि तृतीय स्थान पर कक्षा प्रेप के शिवराज, कक्षा एक के अनुभव रहे। डांस प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय ,लोक और आधुनिक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की ऊर्जा और कला ने पूरे माहौल को उत्साह पूर्ण बना दिया। नृत्य के विजेता-कावेरी हाउस के छात्र रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रीना सिंह, सुष्मिता साहू शामिल थे, जिन्होंने निष्पक्ष और प्रोत्साहनपूर्ण निर्णय दिए। इस आयोजन के लिए शिक्षकों ने विशेष योगदान दिया।

### श्रीश्याम मंदिर में भण्डारा का हुआ आयोजन



**रांची :** श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को 135 वां श्रीश्याम भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। श्रीश्याम भण्डारा में प्रसाद मंदिर में मण्डल के अध्यक्ष के देख रेख में निर्मित किया गया था। भोग लगे प्रसाद को पोद्दार परिवार ने विशाल भण्डारे में मिश्रित करके रांची गौशाला की गाय माता के लिए अलग से प्रसाद की पूजा -अर्चना करके मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भक्तजनो के भण्डारा वितरण प्रारम्भ किया गया। ज्ञातव्य है कि श्रीश्याम भण्डारा बाबुलाल प्रेमकुमार के मालिक पंकज पोद्दार ने करवाया था। भण्डारे का समय होते-होते पुरा श्रीश्याम मंदिर भक्तो से अट गया। हरमू रोड़ में भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गयी। श्रीश्याम बाबा की जयकारो से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था। लगभग 3000 से ज्यादा भक्तो ने भण्डारे का प्रसाद प्राप्त किया।

# बोकारो में कोटपा का उल्लंघन करने वाले 10 दुकानों पर लगा अर्थदंड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चीरा चास थाना प्रभारी के निर्देशन में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा चीरा चास थाना क्षेत्र में कुल 49 दुकानों की जांच की गई जिसमें 10 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1900 रुपए की वसूली की गई। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं। छापामारी के दौरान सभी दुकानदारो का निदेशित किया गया कि जल्द से जल्द विज्ञापन वाले पोस्टर हटा दें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कोटपा-2003 की धारा 5 क्या कहता है। सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन पर प्रतिबंध है। जिला परामर्शी ने बताया कि बोकारो जिला में मीडिया के सहयोग से बार बार दैनिक समाचार के माध्यम से सभी को अवगत कराया जा रहा है कि वह अपने दुकानो पर सिगरेट व तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार का पोस्टर न लगायें फिर भी कुछ दुकानदार अभी भी दुकानों पर लगा रखें हैं उन्हें सावधान रहने का सुझाव दिया गया। गलोबल यूथ टोबैको सर्वे 2019 के अनुसार 5.1 प्रतिशत एसे बच्चे है जो 13 से 15 आयु वर्ग में कोई न कोई तम्बाकू उत्पाद का उपयोग करते हैं। जोकि चिन्ता का विषय है दुकानदार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें। कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 6ए व 6बी क्या कहता है-

धारा-6ए, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है।

धारा-6बी, किसी भी शैक्षणिक संस्थान/कोचिंग सेन्टर के 100 गज के परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। इस अवसर पर चीरा चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।



## गोली चलाकर दहशत फैलाने का आरोपी शाहनवाज रिहा

**बोकारो:** बोकारो के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती सृष्टि कुमारी की अदालत ने बारी मोड़ पर गोली चलाकर दहशत फैलाने के आरोपी आजाद नगर निवासी शाहनवाज अहमद को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया। सूचक ने सेक्टर 12 थाना में आवेदन देकर कहा था कि आरोपी ने बारी मोड़ पर दुकानदारों से रंगदारी की मांग कर रहा है और रंगदारी नहीं देने पर गोली चलाकर दहसत फैला रहा था। विचारण के पश्चात जी आर नम्बर 470/ 23 में न्यायलय ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। आरोपी की ओर से युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बहस करते हुए कहा की आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पुलिस बेवजह निर्दोष को अपराधी बनाने पर तुली हुई थी। आरोपी ने कभी भी कोई घटना को अंजाम नहीं दिया है। दोनों पक्षों का दलील सुनने के बाद न्यायलय ने आरोपी शाहनवाज अहमद को रिहा कर दिया।

## सिस्टम की भेंट चढ़ा सड़क हादसे में जख्मी मजदूर

**बोकारो:** नयामोड़ ट्रैफिक पोस्ट के पास बीती रात सड़क दुर्घटना का शिकार ठेका मजदूर 30 वर्षीय धीरज कुमार उर्फ कुंदन ने समय से समुचित इलाज ना मिलने के कारण दम तोड दिया। मृतक सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के पूजा कॉलोनी का रहने वाला है, बीएसएल में ठेका मजदूर का काम कर परिवार के सदस्यों का भरण पोषण करता था। शुक्रवार रात बाइक से घर लौटने के क्रम में ट्रैफिक पोस्ट के पास साइकिल से टकराकर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई। काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा। इस बीच सिटी पुलिस का एक टाइगर मोबाइल की नजर पड़ी, तो एक ऑटो से सदर अस्पताल भेजा, जहां उसके इलाज की कोई व्यवस्था नहीं थी। काफी समय निकलने के बाद उसे पल्ला झाड़ते हुए बीजीएच के लिए रेफर कर दिया गया।

# क्रांति कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा में छठा स्थान लाकर धनबाद का नाम किया रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में धनबाद के ठाकुर कुल्ही निवासी रामाशीष प्रजापति के बेटी क्रांति कुमारी ने पहली कोशिश में 69वीं बीपीएससी में छठा स्थान हासिल कर धनबाद का नाम रौशन किया। क्रांति कुमारी औरंगाबाद जिले के अर्कीकला गांव की रहने वाली है। लेकिन अपनी पढ़ाई लिखाई धनबाद से की है। क्रांति ने बताया कि पढ़ाई तो हर हाल में खुद को कोशिश करनी होती है। चाहे कोचिंग का माध्यम हो या फिर सेल्फ स्टडी। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जो जितनी मेहनत करेगा उसे सफलता उतनी ही बड़ी मिलेगी। क्रांति ओबीसी वर्ग से होने के बावजूद जनरल कैटेगरी से उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता रामाशीष प्रजापति जो चाईबासा में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। जबकि मां सुहागनी देवी ग्रहणी है। चार भाइयों में एकलौती बहन क्रांति है। उनके बड़े भाई कामदेव कुमार बिहार के कैमूर जिले में जल संसाधन विभाग में अभियंता है। दूसरे भाई कमलेश कुमार दिल्ली विकास प्राधिकरण में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। तीसरे भाई अजय यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। जबकि छोटे भाई भोला जो गया के मगध मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई कर रहे हैं। क्रांति का सपना हमेशा से आईएएस बनने का रहा है। उन्होंने दो बार यूपीएससी की परीक्षा दी लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रयास जारी है।



# बोकारो में मिथिला एकेडमी में सांस्कृतिक सप्ताह दर्पण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मिथिला अकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4/ई में पांच दिवसीय सांस्कृतिक सप्ताह दर्पण का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे मुख्य अतिथि श्री विपुल कुमार सिंह प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल , विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदन भारती सदन, वाचस्पति सदन, विद्यापति सदन एवं विरसा सदन के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में पांच कलाओं का विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। प्रथम दिवस हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने रोल प्ले कर सभी को सम्मोहित कर दिया। जिसमें प्रथम स्थान बिरसा सदन ,द्वितीय स्थान विद्यापति सदन, तृतीय स्थान भारती सदन एवं सांत्वना पुरस्कार वाचस्पति सदन को दिया गया। दूसरे दिन हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बिरसा सदन , द्वितीय स्थान वाचस्पति सदन ,तृतीय स्थान पर भारती सदन एवं सांत्वना पुरस्कार विद्यापति सदन को दिया गया। तीसरे दिन स्किट का आयोजन किया गया जो रामायण और महाभारत से लिया गया था। इससे हमें धैर्य और संयम से एकजुट रहने की प्रेरणा मिली। प्रथम स्थान बिरसा सदन ,द्वितीय स्थान वाचस्पति सदन ,तृतीय स्थान विद्यापति सदन एवं सांत्वना पुरस्कार भारतीय सदन को दिया गया। चौथे दिन कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक से बढ़कर एक गायक कलाकारों ने ऐसा समां बांधा की सभी मंत्र मुक्त हो गए। जिसमें प्रथम स्थान विद्यापति सदन द्वितीय स्थान वाचस्पति सदन तृतीय स्थान बिरसा सदन एवं सांत्वना पुरस्कार भारती सदन को दिया गया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन नृत्य का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि आलोक रंजन सीटी डीएसपी, महाश्वेता बोरिया ओड़िसी डान्सर, राजेश राज फाउन्डर आफ डिजलींग डान्स एकेडमी, राजेंद्र कुमार, सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन, प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का उद्घाटन किया।

# थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों का बोन मैरो प्रत्यारोपण परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** तेरापंथ युवक परिषद, चास बोकारो, नारायणा हृदयालया ,मां सेवा समिति ट्रस्ट एवं जैन मिलन केंद्र के संयुक्त तत्त्वाधान में जैन मिलन केंद्र, सेक्टर 2/डी, बोकारो स्टील सिटी में बोन मैरो प्रत्यारोपण परीक्षण एवं पंजीकरण शिविर का विशाल एवं दुर्लभ आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 148 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का एचएलऐ मैचिंग और बोन मैरो ट्रांसप्लांट रजिस्ट्रेशन निःशुल्क किया गया। जिन अभ्यर्थियों के भाई बहन उपलब्ध नहीं थे, उनके माता-पिता का परीक्षण किया गया। इस विशाल अभियान का उद्देश्य अत्यंत जटिल बोन मैरो प्रत्यारोपण प्रक्रिया हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन एवं सहायता प्रदान करना था। नारायणा हॉस्पिटल , बंगलौर के सुप्रसिद्ध बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ सुनील भट जो अभी तक 2100 सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं और उनकी टीम जैन मिलन केंद्र में मरीजों और उनके परिजनों की जांच के लिए स्वयं उपस्थिल थे। डॉ सुनील भट और के अनुसार जिनका भी टेस्ट में मैचिंग हो जाता है उसकी रिपोर्ट जर्मनी से 3 महीने में आएगी उनका ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। सारा खर्च सरकार और संस्थाओं द्वारा उठाया जाएगा। डॉ सुनील भट ने बताया कि इस शिविर से असहाय बच्चों को जीवन की नई आशा का संचार हुआ है क्योंकि जिनका भी सफल ऑपरेशन हो जाएगा उनको फिर कभी रक्त चढ़ाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस अद्भुत कार्यक्रम की गरिमा को जैन मिलन समिति के समर्पित पदाधिकारियों - संजय बैद , रोटरी क्लब चास के बिनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल- ने अपने संगठित एवं प्रतिबद्ध प्रयासों से उत्कृष्टता के शिखर पर पहुंचाया। जैन तेरापंथ महिला मंडल का भी भरपूर सहयोग मिला।



# सरला बिरला में एक्सपर्ट टॉक का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 'देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान की जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि संविधान का गहरा प्रभाव देश की शासन व्यवस्था पर पड़ता है', उक्त बातें आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में सरला बिरला मेमोरियल श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार ने कही। वे आज बतौर मुख्य अतिथि विवि प्रेक्षागृह में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन के दौरान माननीय न्यायाधीश ने भारतीय संविधान के बुनियादी तत्वों पर भी विस्तार से चर्चा की और इसकी संकल्पना पर प्रकाश डाला। मानवीय जीवन में सादगी और ज्ञान के महत्व पर भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत संबोधन में विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सरला बिरला जी की दूरदृष्टि पर अपना विचार प्रस्तुत किया। आज के दौर में भारतीय संविधान की महत्ता और इसकी प्रासंगिकता तथा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर भी उन्होंने बात की। कार्यक्रम के अंत में इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने न्यायपालिका, इससे जुड़े अवसरों और भारतीय न्यायिक व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम में धन्यवाद भाषण प्रभारी कुलपति माननीय एस. बी. डांडीन ने दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दीनबंधु, विवि के कुलसचिव प्रो. वी.के. सिंह, लॉ विभाग की इंचार्ज सुश्री कोमल गुप्ता, श्वेता सिन्हा, डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. रश्मि सहाय, राजीव रंजन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. संदीप कुमार, डॉ पंकज गोश्वामी, डॉ. सुभानी बाड़ा, प्रवीण कुमार, अनुभव अंकित समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल



**बोकारो :** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के जैप 4 के पास हुई एक सड़क दुर्घटना मे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमे से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. दोनों जख्मी जिले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा की है, घटना मे छोटे मुंडा ऊर्फ बाबूलाल तथा गोविन्द सोरेन घायल है, दोनों को सदर अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहाँ गोविन्द सोरेन की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों की हालत गंभीर एवं बेहोशी की हालत मे होने के कारण घटना की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है। वहीं डॉक्टर के मुताबिक दोनों को रेफर किया गया है, एम्बुलेंस की प्रतीक्षा की जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में साला-जीजा की दर्दनाक मौत

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर के समीप शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में साला-जीजा की जान चली गई। मृतकों में चैनपुर मुंडा टोली निवासी 15 वर्षीय नीलकंड लोहरा और चैनपुर रैन टोली निवासी 24 वर्षीय रौशन लोहरा शामिल हैं। दुर्घटना के बाद राहगीर द्वारा दोनो घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरो द्वारा उपचार कर सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। देर रात्रि सदर अस्पताल आने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, साला-जीजा मजदूरी का काम करने के लिए प्रत्येक दिन अहले सुबह 4 बजे छतरपुर चले जाते थे। रौशन की पत्नी कुमारी ने बताया कि उसके दो वर्ष का एक बेटा है और अभी 9 महीना का एक बच्चा गर्भ में पल रहा है। दुर्घटना के समय साला-जीजा दूसरे के बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान छतरपुर पुल के समीप दुर्घटना ग्रस्त होकर सड़क पर गिर गए। साथ ही बाइक पुल से नीचे गिर गया था। सड़क पर गीरने से दोनो साला-जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार को शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने दोनों शवों को अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

### गरीबों के बीच बांटी गई कंबल



**बोकारो :** सिटी सेंटर के हर्षवर्धन प्लाजा में आज कुछ समाजसेवी एवं वहां पर मौजूद दुकानदारों व्यापारियों द्वारा गरीबों को कंबल एवं बिस्कुट की पैकेट वितरण किया गया। बताया कि यह कंबल वितरण विगत 3 वर्षो से करते आ रहे हैं उन्होंने बताया कि लगभग हम लोग प्रत्येक वर्ष शुरूआती ठंड में लगभग 100 से 150 कंबल गरीब असहाय के बीच वितरण करते हैं वितरण कर रहे दुकानदारों ने बताया की यहां प्रत्येक शनिवार को गरीब लोग आते हैं और जिन्हें जैसी सुविधा होती है वह लोग उस तरह से उन लोगों की मदद करते हैं हम लोगों ने सोचा कि गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल का वितरण किया जाए इसको लेकर हम सभी ने मिलकर कंबल और खाने के लिए दो पैकेट प्रत्येक जन को वितरण किया । यह काम हम लोग अपनी खुशी एवं स्वेषा से करते हैं इस कंबल वितरण की शुरूआत कुल सात लोगों ने मिलकर किए थे। हमलोग कंबल वितरण विगत 3 वर्षो से करते आ रहे हैं। मौके पर मौजूद रवि कुमार दुर्गा खाजा भंडार, ए के सिंह, मदन सिंह, बिनोद जी, पन्नालाल गुप्ता, सिन्धु एवं सुनील मौके पे मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खनन टास्क फोर्स ने किया 3 टाटा 407 जब्त



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार सुबह सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 3 टाटा 407 जब्त किया है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 04 :30 बजे खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से सरायढेला थाना क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में सरायढेला थाना अंतर्गत पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज के गेट के पास 3 टाटा 407, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 10 बी.पी. 0487, जेएच 10 ए.टी. 5872 एवं जेएच 10 बी.ई. 4920 है, की जांच की गई। तीनों वाहनों पर बालू लदा हुआ था। जांच पड़ताल में पाया गया कि तीनों बिना परिवहन चालान के बालू का परिवहन कर रहे थे। तीनों वाहनों को पकड़कर सरायढेला थाना में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### नोएडा में धनबाद के ताइक्वांडो खिलाड़ी करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व



**धनबाद :** नोएडा में आयोजित प्रतियोगिता में धनबाद के 4 ताइक्वांडो खिलाड़ी डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो 2, 3, 4 दिसंबर को नोएडा इंदौर स्टेडियम में आयोजित होगी जिसमें धनबाद जिला के ताइक्वांडो खिलाड़ी अंडर 19 गर्ल वर्ग में प्राची सिन्हा डीएवी कुसुंडा मुस्कान विश्वकर्मा, रिया सिंह डीएवी अलकुशा तथा अंडर 17 बॉयज वर्ग में हार्दिक सिंह डीएवी सिंदरी का छात्र है, सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे इसके लिए इन खिलाड़ियों के कोच विशाल कुमार पंडित, भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, महासचिव कमलेश कुमार पांडेय, सचिव सुमीर शर्मा झारखंड ताइक्वांडो संघ के रेफरी चीफ अमर बाउरी व विजय शंकर विश्वकर्मा भारतीय ताइक्वांडो संघ से अश्विनी शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी यमुना कुमार, राष्ट्रीय रेफरी ज्योति कुमारी, नीतू कुमारी ,जितेन्द्र कुमार,रोनित सिंह व सुमित शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया।

### शक्ति नाथ महतो स्मारक कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**धनबाद :** टाटा सिजुआ में शाहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने आकर्षक और मनमोहक गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें धनबाद मनईटांड़ बैंक कालोनी निवासी मनोज महतो की पुत्री हर्षिता कुमारी महतो व पुत्र हर्ष राज महतो ने बेहतर प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके पिता मनोज महतो में बताया कि दोनों बच्चों को बचपन से ही पढ़ाई के साथ गीत, संगीत न नृत्य करने का शौक है। स्कूली प्रतियोगिता के साथ कई और प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके हैं। कई सारे पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इसके लिए कई लोगों ने उन्हें सम्मानित किया और बधाईयां भी दी हैं।

### जिला क्रिकेट अंडर -16 टूर्नामेंट में माही स्पोट्र्स येलो ने 43 रनों से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को असगार्जियन बनाम माही स्पोट्र्स येलो के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर माही स्पोट्र्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए। आदित्य ज्ञान ने 36, वमीक नईम ने 21, शोएब अंसारी ने 65 रनों की पारी खेली। असगार्जियन टीम के गेंदबाज अभिज्ञान ने 3, अभिषेक ने 2 व धुर्व ने 1 विकेट लिया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी असगार्जियन टीम 21.3 ओवर में 145 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अभिषेक ने 16, विवेक हरि ने 12, कुश कुमार ने 27, प्रिंस सिंह ने 12, अभिज्ञान ओझा ने 18 व उज्वल कुमार ने 19 रन बनाए। माही स्पोट्र्स येलो के गेंदबाज तौसीफ अंसारी ने 4, वमीक नईम, अब्राहम शेख ने 2-2 व उमर फारूक व विष्णु कुमार ने 1-1 विकेट लिए। माही स्पोट्र्स येलो ने 43 रनों से जीत दर्ज की। माही स्पोट्र्स येलो के खिलाड़ी तौसीफ अंसारी को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि क्रिकेटर श्याम रंजन तिवारी ने तौसीफ अंसारी को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### मुरी टुंगरी जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद, ग्रामीण परेशान

**सिल्ली :** मुरी टुंगरी जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद पड़ी हुई है। वही सिंगपुर, काटांडीह, महुवाडीह एवं कलुवाडीह में जलापूर्ति योजना तीन महीने से बंद पड़ी हुई है। ग्रामीणों को पानी लाने के लिये इधर उधर भटकना पड़ता है। ठंड के मौसम होने कारण ग्रामीण पानी कम खर्च कर ही अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जल नल योजना के तहत ठेकेदार को गांव गांव में पाइप लाइन बीछाकर एवं कनेक्शन करके पानी सप्लाई घर तक पहुंचाना है मगर ठेकेदार के घोर लापरवाही के चलते घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। घरों में एक बार कनेक्शन कर देने के पश्चात देखने वाला कोई आदमी ठेकेदार का क्षेत्र में नजर नहीं आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार मनमानी करते हुए जहां तहां कनेक्शन देता है किसी किसी गांवो में कनेक्शन ही नहीं दिया गया है।

# एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियां

प्रियंका सौरभ

**एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है।**



एशिया में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।

एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएँ प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहाँ जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं।

इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है। श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर जोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के सम्बंधों पर असर पड़ा।

चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मजबूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मजबूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है।

आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्त्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मजबूत किया है। भारत को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ सम्बंधों को मजबूत करने के लिए सॉफ्ट पावर का उपयोग करते हुए चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए। आसियान मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका और इसकी एक्ट ईस्ट नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्र में चीन के आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व का मुकाबला होता है।

चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए बहुपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित कर रही है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और भारत-प्रशांत देशों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए बहुपक्षीय ढांचे को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत की भागीदारी चीन के प्रभाव का मुकाबला करने सहित सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देती है। भारत बाहरी दबावों के खिलाफ अपनी संप्रभुता का दावा करने में छोटे देशों का समर्थन करके क्षेत्रीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकता है। एमजीसी (मेकांग-गंगा सहयोग) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है। भारत को क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए रक्षा खर्च और सैन्य गतिविधियों में पारदर्शिता के महत्त्व पर जोर देना चाहिए।

भारत का खुला रक्षा बजट और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी क्षेत्रीय विश्वास में योगदान करती है और संघर्ष के जोखिम को कम करती है। समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर और समान विकास सुनिश्चित करके, भारत चीन की आर्थिक जबरदस्ती का मुकाबला कर सकता है और अधिक स्थिर क्षेत्रीय सम्बंध बना सकता है। बुनियादी ढांचे में सुधार और आसियान देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने पर भारत का ध्यान चीनी परियोजनाओं पर उनकी निर्भरता को कम करता है। भारत को क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान तंत्र को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन सीमा वार्ता में भारत की भागीदारी और दक्षिण चीन सागर विवादों पर आसियान के नेतृत्व वाली बातचीत का समर्थन क्षेत्रीय शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

जैसे-जैसे वैश्विक शक्ति की गतिशीलता बदलती है, भारत जैसे देशों को क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए राजनयिक और रक्षात्मक उपायों में संलग्न रहना जारी रखना चाहिए। रणनीतिक साझेदारी, रक्षा क्षमताओं के आधुनिकीकरण और राजनयिक जुड़ाव के सही संयोजन के साथ, भारत शांतिपूर्ण और स्थिर एशिया में योगदान करते हुए अपने हितों को सुरक्षित कर सकता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं। स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

# विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो?

दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे। सोचने लगे कि उन्होंने हमेशा ही रामसेवक को अपने से हीन समझा और उसकी उपेक्षा की पर रामसेवक कितना विनम्र है। वह खुद बहुत प्रसिद्ध होते हुए भी उन्हें ज्यादा महत्व देता है। उसी रात पंडित जी रामसेवक के घर गए और उससे क्षमायाचना की। फिर दोनों गहरे मित्र बन गए।

# विश्व एड्स दिवस : एड्स पीड़ितों के प्रति बदले समाज की सोच



ललित गर्ग



न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए ह्यएड्सह्व आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एच.आई.वी. संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। ह्यरॉयटर्सह्व की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ ह्यविश्व एड्स दिवसह्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष ह्यटेक द राइट पाथह्व (सही रास्ता अपनाएं) विषय के साथ मनाया जा रहा है।

वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी साकोर्मा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे ह्यगे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसीह्व (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है।

यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति ह्यएड्सह्व कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच.आई.वी. परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे।

वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपकाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है।

एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# संघ प्रमुख के अनुसार राष्ट्रीय और व्यक्तिगत स्तर पर तप आवश्यक

कृष्णमोहन झा



विज्ञान और अध्यात्म के बारे में यह एक आम धारणा है कि ये दोनों एक दूसरे के परस्पर विरोधी हैं परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस धारणा का खंडन करते हुए कहा है कि कि अध्यात्म और विज्ञान में परस्पर कोई विरोध नहीं हैं , अगर व्यक्ति के अंदर आस्था हो तो अध्यात्म और विज्ञान, दोनों ही उसके साथ न्याय करते हैं लेकिन अगर जिसको अपने साधन और ज्ञान का अहंकार है उसे अध्यात्म और विज्ञान में ज्ञान नहीं मिल सकता। संघ प्रमुख ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि श्रद्धा में अंधत्व का कोई स्थान नहीं है। जानो और मानो यही श्रद्धा है। संघ प्रमुख ने कहा कि गत 2000 वर्षों में विश्व अहंकार के प्रभाव में चला है । यह अपनी ज्ञानेंद्रिय से मैं जो प्राप्त करता हूं वही सही है । इसी सोच के साथ मानव तब से चला है जब से विज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ है लेकिन यही सब कुछ नहीं है। विज्ञान का भी एक दायरा है , एक मर्यादा है ,इसलिए यह मानना गलत है कि विज्ञान के आगे कुछ नहीं है। संघ प्रमुख ने विगत दिनों नई दिल्ली में मुकुल कानिटकर द्वारा लिखित पुस्तक 'बनाएं जीवन प्राणवान' के विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचारों को व्यापक संदर्भों में और स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि यही भारतीय सनातन संस्कृति की विशेषता है कि हमने बाहर देखने के साथ साथ अंदर देखना भी प्रारंभ किया और अंदर तह तक जाकर जीवन के सत्य को जान लिया। इसका और विज्ञान का विरोध होने का कोई कारण नहीं है। जानो तब मानो । अध्यात्म में भी यही पद्धति है। साधन अलग हैं । अध्यात्म में साधन मन है।मन की ऊर्जा प्राणों से आती है। प्रबल प्राण शक्ति व्यक्ति को आगे ले जाने की सामर्थ्य प्रदान करती है। संघ प्रमुख ने जीवन में तप को महत्वपूर्ण बताते हुए कि राष्ट्रीय स्तर पर और व्यक्तिगत स्तर पर तप की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी जड़ों में एक प्राण शक्ति है । भारत में भी एक प्राणशक्ति है जो हमारे सामने है लेकिन हम उसे देख नहीं पा रहे हैं। वह प्राण हर व्यक्ति और हर चीज में है। वह प्राण 22 जनवरी को दिखाई दिया जिस दिन अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कार्यक्रम संपन्न हुआ । संघ प्रमुख ने कहा कि जब दुनिया में कहीं संकट आता है तो भारत तुरंत उसकी मदद के लिए आगे आता है। भारत कभी यह नहीं देखता कि वह देश हमारा मित्र है अथवा शत्रु है। भारत की चेतना के पीछे यही प्राण दिखाई देता है। यही भारत की पहचान है। वर्तमान समय में अपरिहार्य जीवन मूल्यों पर आधारित इस अनमोल पुस्तक के विमोचन समारोह में पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अवधेशानंद गिरि ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्राण का आधार परमात्मा है जो सर्वत्र है ।प्राण की सत्ता परमात्मा से ही है। उसमें स्पंदन है ।उसी से चेतना है। उसी से अभिव्यक्ति है, उसी से रस संचार है और वही जीवन है। पुस्तक लेखन के मुकुल कानिटकर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा की सहज अभिव्यक्ति प्राण है और उसकी व्याख्या इस पुस्तक में की गई है। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक मुकुट कानिटकर ने पुस्तक लेखन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सब कुछ वैज्ञानिक है। आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र, स्थापत्य के साथ ही दिन चर्या तथा ऋतुचर्या के सभी नियम भी बिना कारण के नहीं है। संपूर्ण सृष्टि में प्राण आप्लावित है। लेखक ने आशा व्यक्त की कि नयी पीढ़ी के मन में उठने वाले सामान्य संदेहों के शास्त्रीय कारण स्पष्ट करने में उनकी पुस्तक सहायक सिद्ध होगी। समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने भी अपने व्याख्यान में कहा कि आज की पीढ़ी तर्क प्रधान पीढ़ी है लेकिन तर्क एक सीमा तक ही सही है। योगेश सिंह ने पुस्तक की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक को पढ़कर जीवन से संबंधित लाइफ स्टाइल को समझने का मौका मिलेगा। इस पुस्तक में सभी को कुछ न कुछ नया मिलेगा।प्रो. योगेश सिंह ने कहा 100 वर्ष पुराने दिल्ली विश्वविद्यालय में संघ प्रमुख मोहन भागवत के आगमन को अविस्मरणीय पल बताया।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

# 'पहले निवेश के लिए जमीन नहीं मिलती थी'

## गोरखपुर में सीएम योगी बोले-अब निवेशकों की लाइन लग गई, युवाओं को भी रोजगार मिल रहा





**गोरखपुर।** सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर पहुंचे। औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के स्थापना दिवस समारोह में निवेशकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा-पहले लोग उद्योग लगाने के लिए जमीन तलाशते थे। नहीं मिलती थी। आज गीडा 800 एकड़ा में फैल चुका है। निवेशकों की लाइन सी लग चुकी है। अब गीडा के पास लैंड बैंक होगा। कोई भी आकर यहां पर निवेश कर सकता है। इससे शौचालय, सड़क स्ट्रीट लाइट अन्य का विकास होगा। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसे कहते हैं मेक इन इंडिया। योगी ने कहा-भाजपा ने 30 हजार करोड़ का इन्सेंटिव निवेशकों को दिया है। ये सभी चीजें बताती हैं। यूपी निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। सुरक्षा के लिए तो यूपी जाना ही जाता था। हम 2029 तक यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रियल तक पहुंच देंगे। ये हमारा संकल्प है। बहुत कुछ आपको देखने को मिलेगा। यहां का प्रोडक्ट प्रदेश के अंदर भी, देश के अंदर भी और विदेश तक भी जाएगा। यहां का प्रोडक्ट जब लोग देखेंगे, तो जानेंगे कि यह भी कोई जगह है। सीएम योगी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी कुल 209 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास के प्रोजेक्ट्स में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपए के विद्युत कार्य शामिल हैं। जबकि लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपए के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं। पिछले स्थापना दिवस समारोह में गीडा ने नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से एमओयू कर स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए 9280 वर्गमीटर का कैंपस, निर्मित भवन के साथ निशुल्क उपलब्ध कराया था। नाइलिट का गीडा कैंपस कौशल विकास का केंद्र बनकर उभरा है। यहां अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 617 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी नाइलिट से प्रशिक्षित पांच युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित करेंगे।

# लखनऊ में गन्ना किसानों का हंगामा





**लखनऊ।** गन्ना किसानों का भुगतान नहीं होने से नाराज किसानों ने लखनऊ में बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड के ऑफिस का घेराव किया। बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं ऑफिस के बाहर एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा-लखीमपुर, सीतापुर और अन्य पूर्वी जिलों में अभी तक गन्ना किसानों को एक भी रुपया नहीं दिया गया। इसको लेकर किसान अनिश्चित कालीन धरना दे रहे है। 10 दिसम्बर को लखनऊ में महापंचायत होगी। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने कहा- उत्तर प्रदेश में बजाज की 14 शुगर मिलें हैं। इनमें पश्चिमी यूपी की चार-पांच शुगर मिलों में आंशिक भुगतान किया गया है, लेकिन लखीमपुर, सीतापुर और अन्य पूर्वी जिलों में अभी तक एक भी रुपया नहीं दिया गया। हरिनाम सिंह ने कहा- प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, लेकिन यहां किसानों को अपने हक के लिए सड़कों पर आना पड़ता है। इसके बाद किसानों ने गन्ना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से उतार कर कार्यालय परिसर में रख दिया। हरिनाम सिंह ने कहा- 14 दिन में किसानों का बकाया 1,033 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाए, नहीं तो यहां से कोई किसान वापस नहीं जाएगा। उन्होंने आगे कहा- जिस व्यापारी की 14 शुगर मिल और पावर प्लांट हैं, उसके लिए 1,033 करोड़ रुपए बहुत छोटी रकम है। प्रशासन ने शुगर मिल का गेट खुलवा दिया है। हम अंदर बैठकर अपनी मांग रख रहे हैं। मुख्यमंत्री भी बगल में आएंगे, वह भी हमारी समस्या देखेंगे। विभूति खंड थाना क्षेत्र स्थित बजाज शुगर लिमिटेड कार्यालय के बाहर किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर और अयोध्या समेत अन्य जिलों से भी किसान लखनऊ पहुंच रहे हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत रखने के लिए भारी बल तैनात कर दिया है। अधिकारी किसानों से बातचीत में लगे हुए हैं। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने धरनास्थल पर एक बैनर लगाया है। इसमें 10 दिसंबर को लखनऊ में महापंचायत की सूचना दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने बताया कि गन्ना किसानों का अनिश्चित कालीन धरना चलता रहेगा। 10 दिसम्बर को महापंचायत में प्रदेश भर के गन्ना किसान जुटेंगे।

# लाडले अर्णव के जन्मोत्सव पर हुआ पौधरोपण




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में अंतरराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित अनिरुधवा में शनिवार को पत्रकार हृदयानंद शर्मा के पोते लाडले अर्णव के जन्मोत्सव पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पौधे को ब्रिक गार्ड से सुरक्षित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान सभा के जिला सचिव ध्रुव सिंह पटेल ने कहा कि नयी दिशा द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा अभियान सराहनीय है। स्वच्छ वातावरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। समाजसेवी ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिकाधिक मात्रा में फलदार, औषधीय, इमारती पौधे लगाएं जो मानव जीवन के लिए लाभदायक है। दया शंकर सिंह ने कहा कि पौधों से बहुत लाभ है। अपने घर होने वाले कार्यक्रमों के तहत हर व्यक्ति पौधे लगाए तो धरती हरी भरी रहेगी। इस दौरान पत्रकार मस्तराज सिंह, राम प्रसाद कुशवाहा, राकेश सिंह, डा0 जेपी शर्मा, आदित्य कुशवाहा, विपुल शर्मा, निखिल प्रताप, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# विधायक पी.एन पाठक ने कार्यकताओं संग देखी द साबरमती रिपोर्ट






संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** शनिवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने पडरौना के एक सिनेमा हॉल में क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ गुजरात पर आधारिक द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। फिल्म में कलाकारों द्वारा किए गए अभिनय और एक खास मुद्दे पर सच्चाई को दिखाने पर विधायक पी.एन पाठक ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस दौरान फिल्म देखने के दौरान भाजपा सैकड़ों कार्यकताओं व पदाधिकारियों से हाल भरा रहा। सभी ने गुजरात पर आधारित फिल्म को पसंद किया। फिल्म देखने के बाद विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि इस फिल्म में एक सत्य को देशवासियों के सामने लाने का बड़ा और सफल प्रयास किया गया है। मैं द साबरमती रिपोर्ट की पूरी टीम व कलाकारों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस वास्तविक सच को देश की जनता के सामने फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का सफल प्रयास किया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव,शैलेन्द्र सिंह, अमित मालवीय, राज पाठक, संजीव सिंह सिब्लू, दिनेश तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ब्रजेश पाठक ने ईंट से ईंट बजाकर तोड़ी

## बोले- एक-एक चवन्नी वसूल करूंगा, वाराणसी में कहा- अखिलेश अपने गिरेबान में झांकें





**वाराणसी** । डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शनिवार को पहले वाराणसी और फिर मुगलसराय के चंदौली पहुंचे। चंदौली के महेवा में बन रहे ट्रामा सेंटर का निरीक्षण करते समय ईंट की खराब क्वालिटी देखकर भड़क गए। उन्होंने दो ईंटों को आपस में टकरा कर कहा- ये कौन-सा ईंट यूज किया जा रहा है? ये बजाते ही टूट जाएगी। बिल्डिंग की नींव देख कर बोले- ऐसे कौन बनाता है। आप लोगों ने जो तमाशा किया है। आप लोगों से एक-एक चवन्नी वसूल करूंगा। आप लोगों ने बेस पिलर की हालत खराब कर रखी है। पाठक ने काम करने वाली संस्था को जमकर फटकार लगाई। साथ ही मौके पर मौजूद मुख्य विकास अधिकारी को संस्था को ब्लैकलिस्ट करने और सरकारी धन की रिकवरी का आदेश दिया। डिप्टी सीएम ने कहा- यह सरकार के धन की खुली बर्बादी है। उन्होंने कार्यदायी संस्था के इंजीनियर को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों के लिए धन आवंटित करती है, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिलें। इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार कतई स्वीकार्य नहीं है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक वाराणसी में 51 शक्तिपीठों के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग समागम कार्यक्रम में पहुंचे।

उन्होंने कहा- कानून व्यवस्था से छेड़छाड़ करने की इजाजत किसी को भी नहीं है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। संभल की घटना समाजवादी पार्टी के अपराधियों की देन है। जो संभल के अपराधी हैं, वो सब समाजवादी हैं। देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सपा डेलिगेशन के संभल जाने पर कहा- अखिलेश यादव को सबसे पहले अपनी समाजवादी पार्टी को संभालना चाहिए। उसके बाद संभल को देखना चाहिए। संभल और आसपास में जिस तरह से उनके सांसद और विधायक आपस में लड़ रहे हैं। सिर फुटौव्वल कर रहे हैं। ऐसे में वह संभल की घटना पर विचार व्यक्त न करें तो अच्छा है। उन्होंने कहा- सपा के लोग संभल को राजनीतिक पर्यटन समझ रहे हैं। ये लोग ऐसी घटनाओं पर राजनीतिक पर्यटन की दृष्टि से जाते हैं। अखिलेश अभी तक यूपी में हुए उपचुनाव की हार से उभर नहीं पाए हैं। इसलिए वह तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। हम संभल में कानून व्यवस्था को मेंटेन करेंगे। अपराधियों पर ऐसे ही अंकुश जारी रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद डिप्टी सीएम ने कहा- सनातन धर्म पर जब भी अवसर मिलता है। लोग अनाप-शनाप बोलकर सुर्खियों में आ जाते हैं। हम पूरी दुनिया को परिवार मानते हैं। फिर भी हम पर हमला होता है। लेकिन हमारी संस्कृति ने दुनिया को मार्ग दिखाने का काम किया। उन्होंने कहा- बाबा की कृपा से कुछ तो होने वाला है। 2014 से पहले बहुत सी सरकार बनी, लेकिन 2014 के बाद से सनातन सोच की धारा बढ़ी। यह सब पीएम मोदी के चलते हुआ। उन्होंने कहा- हम अच्छा काम करेंगे तो हमारी आत्मा परमात्मा में विलीन होगी। वो लोग जाएंगे तो उनको हूरें मिलेंगी। सनातन को लोग तोड़ने का काम कर रहे हैं। वोट लेकर सिर्फ सत्ता लेना चाहते हैं।

# शिविर जीवन में अनुशासन, नेतृत्व व सेवा भावना विकसित करता है: अजय त्रिपाठी




संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन के अवसर पर शिविरार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया। अन्त में बेहतर करने वाले छत्र छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आरटीओ परिवहन अजय त्रिपाठी ने शिवरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड का शिविर जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना विकसित करने की प्रेरणा देता है। शिविर में मिले अनुभव को आत्मसात कर आप अपने जीवन को सुंदर और अनुशासित बना सकते हैं। यह शिविर भविष्य में आपके कार्यक्षेत्र और व्यक्तिगत जीवन में अमूल्य योगदान देगा।भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा.सत्येंद्र सिन्हा ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि स्काउट गाइड के प्रशिक्षण की अपनी एक अलग पहचान है। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय ने कहा कि यह छात्रों को आत्मनिर्भरता और समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करता है। विद्यालय के निदेशक सीओ जोश ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिविर में सिखाई गई बातें उनके जीवन को नई दिशा देंगी। शिविर में प्रशिक्षक एमडीआई खान और जेपी रावत ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की कौशल और तरकीबें सिखाईं, जिनमें प्राथमिक उपचार, अनुशासन, और नेतृत्व क्षमता का विकास शामिल था। इसके बाद अतिथियों ने शेयर का निरीक्षण किया। शिवर में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले टोलियों का मेडल एयर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षकअजय उपाध्याय ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला,मुजिबुल्लाह राही,कवि मनंजय तिवारी निर्मल,विद्यालय परिवार की प्रधानाचार्य श्रीमती जेसी जोश,बी. जमा,अशोक राय, सुधाकर मणि त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, उपेंद्र नाथ त्रिपाठी,संजय राय, रीतेश पांडेय,शुभम पांडेय, अनुराग मिश्र, आशीष पांडेय, वंदना मिश्रा,रीना गुप्ता,अंकिता राय, प्रवीनजहां, अर्चिता ,इशरत जहां, सहित सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त डायरी

### धम्म चारिका पदयात्रा 8 दिसम्बर को बुद्ध स्थली पहुंचेगी



संवाददाता

**कुशीनगर।** बीते 16 नवम्बर को सारनाथ से शुरू हुई विशाल धम्म चारिका पदयात्रा आगामी 8 दिसम्बर को बुद्ध की महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर पहुंचेगी। जहां धम्म देशना व पदयात्रा का समापन होगा। धम्म चारिका पदयात्रा संयोजक व पूर्व अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान भिक्षु चंदिमा के हवाले से देते हुए टीके राय ने देते हुए बताया कि यात्रा बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ से शुरू हुई यात्रा बनारस, गाजीपुर, बलिया देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज होते हुए 7 दिसम्बर शनिवार को कुशीनगर में प्रवेश करेगी। रामकोला में भोजन दान व टेकुआटार में रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन रविवार को धम्म चारिका पदयात्रा कुशीनगर पहुंचेगी। जहां मुख्य महा परिनिर्वाण मन्दिर में भिक्षु व उपासक पूजन अर्चन करेंगे।

### गोरखपुर में मिला युवक का शव: शरीर पर चोट के गहरे निशान



**गोरखपुर** । एक 28 साल के युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे परिसर के पास मिला। घटना सहजनवां इलाके में वार्ड नंबर 14 लुचुई की है। युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे खून बह रहा था। परिवार वालों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए मामले की गहराई से जांच की मांग की है। दरअसल, शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन के पश्चिमी हिस्से में खाली पड़ी जमीन पर कुछ स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान वार्ड नंबर 7 निवासी अनिल (पुत्र सुरेंद्र) के रूप में की। घटनास्थल पर पहुंचे स्वजनों ने मृतक के सिर और शरीर पर चोट के गहरे निशान देखकर हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसी ने अनिल की हत्या कर उसका शव यहां फेंका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनिल तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, और वे मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनिल नशे का आदी था, जिससे उसकी जीवनशैली और सामाजिक संबंधों पर असर पड़ा था। घटनास्थल के पास गांजे की दो अवैध दुकानें संचालित होने की जानकारी मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनिल गांजा पीने का आदी था और संभवतः नशे के दौरान किसी विवाद के कारण उसकी हत्या हुई। पुलिस ने हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। सहजनवां थाने के प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। हालांकि, मृतक के परिवार ने अब तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### लखनऊ के फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, निकलीं चीखें





**लखनऊ** । शक्ति नगर स्थित रिहायशी इलाके में अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर गोदाम में शुक्रवार शाम को आग लग गई। वहां काम करने वाले 40 लोगों की जान खतरे में पड़ गई। गोदाम में खाना बना रही महिला का कहना है, कि शाम को खाना बना रहे थे, तभी गद्दा कारखाना में एक गद्दे से धुआं निकला और फिर लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ऐसी फैली कि पूरे कारखाने को चपेट में ले लिया। केमिकल, रंग, खाने और काम में प्रयोग होने वाले छोटे सिलेंडरों के धमाके होने लगे। मजदूर से लेकर मालिक तक जान बचाने के लिए बाहर भागे। कोई दीवार चढ़कर भागा तो कोई खिड़की से कूदकर भागा। हम गेट के पास थे तो बच्चों के लेकर बाहर आ गए। यह कहना है बहराइच की रहने वाली नूरबानो बानो का। वो करीब 13 साल से यहां पर पति और बच्चों के साथ दिहाड़ी पर काम करती हैं। मूल रूप से बहराइच के वजीरगंज निवासी अली हुसैन की पत्नी नूरबानो घटना के बाद कारखाने के बाहर बच्चों के साथ बैठी रोती रहीं। उनका कहना है कि आग से पूरी गृहस्थी जल गई है। आग लगते ही बेटे महताब, बेटी साफिया और सदान को गोद में लेकर बाहर भागीं। पति कुछ सामान उठाने के चक्कर में आग में ही फंस गए थे। एक गद्दा जलता हुआ उनके पास गिरा, लेकिन ऊपर वाले ने उन्हें बचा लिया। किसी तरह से उनकी जान बच गई। गद्दा कारखाने में काम करने वाले अनिल कुमार ने आंखों देखी बताई। उन्होंने ही सबसे पहले आग लगते देखा और आग बुझाने में झुलस भी गए। अनिल ने बताया कि बिजली के बोर्ड के पास गद्दा रखा था। तभी अचानक आग लग गई। मैं दूसरी मंजिल पर रखा सिलेंडर लेने के लिए शोर मचाते हुए भागा। नीचे आकर बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग भड़क चुकी थी। जलता गद्दा गिरने से पैर और गर्दन झुलस गया। घटना के वक्त तीनों कारखाना के मालिकों के साथ करीब 40 लेबर मौजूद थे। नीचे वाले सामने, पीछे के गेट और खिड़की से कूदकर भागे। वहीं, दूसरी दूसरी मंजिल पर काम करने वाले लेबर जालीदार बनी दीवार के सहारे कूद कर भागे। यदि निकास के रास्ते न होते तो बड़ा हादसा हो जाता।

## संक्षिप्त समाचार

### कामधेनु लिमिटेड मध्य प्रदेश में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

भोपाल । भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी उत्पादन क्षमता को और बढ़ाकर 04 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्टकी बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के साथ की

मुंबई , एजेंसी। भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और भारत की लीडिंग प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शामिल भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक रणनीतिक बैंकाश्योरेंस साझेदारी करने की घोषणा की है। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, भारती लाइफ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (भारती ग्रुप ) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी का उद्देश्य एयू एसएफबी के ग्राहकों को व्यापक रूप से लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) और वित्तीय सुरक्षा के विकल्प प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, पराग राजा ने आज मुंबई में एक कार्यक्रम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह गठबंधन दोनों संस्थाओं की व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत विकसित भारत और सभी के लिए इंश्योरेंस उनके लक्ष्य हैं। इस गठबंधन का उद्देश्य लोगों के बीच इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना, उनकी जरूरतों के अनुसार इंश्योरेंस प्रोडक्ट तैयार करना, इसके लिए प्रमुख बाजारों की पहचान कर वहां तक पहुंचना और बैंकाश्योरेंस और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन सहित, डिस्ट्रीब्यूशन के साथ रणनीतिक साझेदारी का पता लगाना है। इस साझेदारी के बाद एयू एसएफबी के ग्राहकों को तत्काल प्रभाव से, भारती एक्सा के लाइफ इंश्योरेंस और वित्तीय सुरक्षा समाधानों के व्यापक सेट तक पहुंच हासिल होगी, जिसमें लाइफ इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस, यूलिप योजनाएं, बचत योजनाएं, चाइल्ड एजुकेशन प्लान (बाल शिक्षा योजनाएं) और रिटायरमेंट प्लान शामिल हैं। इस रणनीतिक साझेदारी से दक्षिण भारत में एयू एसएफबी की पेशकश में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। एयू एसएफबी को वित्तीय समाधानों, सरल व अधिक कारगर सेवाओं और व्यक्तिगत आधार पर जरूरतों के अनुसार सपोर्ट की एक बड़ी रेंज के साथ ग्राहकों के लिए पूरी तरह से एक इकोसिस्टम बनाने के लिए भारती एक्सा लाइफ के डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो का लाभ मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ यूनिवर्सल बैंकिंग लाइसेंस के लिए अपने हालिया आवेदन के बाद, एयू एसएफबी रणनीतिक रूप से अलग अलग सेगमेंट में फैले हुए अपने एक करोड़ से अधिक के कस्टमर बेस (ग्राहक आधार) को अत्याधुनिक, टेक्नोलॉजी संचालित इंश्योरेंस के विकल्प प्रदान करने के लिए अपने बैंकाश्योरेंस पोर्टफोलियो को बढ़ा रहा है।

# मस्क के लिए भारत पर दबाव बना सकता है अमेरिका !




नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क इस समय अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी बने हुए हैं। उन्हें ट्रंप प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिल चुकी है। मस्क की नजर इस समय भारत के मार्केट पर है। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट भी शामिल है।

हालांकि मस्क भारत में ईवी को लेकर कितने एग्रेसिव हैं, इसके बारे में बहुत ज्यादा नहीं पता। लेकिन उनके हालिया व्यवहार को देखकर लगता है कि वह शायद ही भारत में एंट्री करें। लेकिन ट्रंप का साथ मिलने पर कुछ भी संभव है। अगर मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में प्रवेश करती है तो इसे महिंद्रा और टाटा जैसे ब्रांड से कड़ी टक्कर मिलेगी।

इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार इलेक्ट्रिक व्हीकल के मामले में मस्क भारतीय मार्केट से बहुत ज्यादा खुश नहीं हैं। इसका कारण हैं भारत में ईवी को लेकर नीतियां। मस्क ने वादा किया था कि वह भारत में 497 मिलियन डॉलर (करीब 41.5 अरब रुपये) निवेश करेंगे। इस रकम का इस्तेमाल भारत में तीन साल में नए कारखाने खोले जाएंगे जहां ईवी का प्रोडक्शन होगा।

उस समय भारत ने ईवी नीति में बदलाव किया था। इसमें विदेशी कार निर्माताओं से ईवी पर आयात करों को कम किया गया था। इसके बाद एलन मस्क ने इस साल अप्रैल में भारत आने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बारे में कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने कंपनी में दबावपूर्ण मुद्दों का हवाला देते हुए भारत की अपनी यात्रा कैंसिल कर दी थी।

भारत में प्रवेश को लेकर मस्क बहुत ज्यादा उत्सुक नजर नहीं आ रहे हैं। भारत में ईवी परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है जो टेस्ला के लिए कम आकर्षक होता जा रहा है। वहीं भारत को उम्मीद नहीं है कि टेस्ला इंक. जल्द ही देश में निवेश के साथ आगे बढ़ेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला के अधिकारियों ने उनसे संपर्क करना बंद कर दिया है।

भारत में मस्क की रुचि में कमी तब आई जब टेस्ला ने वैश्विक स्तर पर तिमाही डिलीवरी में लगातार दूसरी बार गिरावट दर्ज की। साथ ही चीन में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना किया।

टेस्ला ने भारत में एंट्री की अपनी योजना को लेकर कुछ नहीं कहा है। हालांकि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह संभावना है कि अमेरिका भारत को टेस्ला को और रियायतें देने के लिए मजबूर करेगा।

#### मंदी के बावजूद बेहतर प्रदर्शन

टेस्ला भारत में आएगी या नहीं, यह बाद का विषय है। लेकिन अभी भारतीय ईवी निर्माता बाजार में मंदी के बावजूद अपना इसे आगे बढ़ा रहे हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने हाल ही में बॉर्न इलेक्ट्रिक रेंज पेश की थी। चर्चा है कि महिंद्रा टेस्ला और किआ को टक्कर देने के लिए ऑस्ट्रेलिया में अपने नए मॉडल लॉन्च कर सकती है।

#### भारतीय कंपनियां हैं पूरी तरह तैयार

भारत में छोटी और मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक कारों की तेजी से बढ़ती और बेहतर होती रेंज के साथ टेस्ला जैसे नए प्रवेशकों को भीड़ भरे बाजार का सामना करना पड़ेगा। लेकिन भारतीय ईवी निर्माता पहले से ही टेस्ला और भारत में प्रवेश की योजना बना रही अन्य बड़ी कंपनियों से चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

## लूट सको तो लूट लो, फ्लाइट की टिकट से लेकर स्मार्टफोन तक सब मिल रहा है सस्ते में

नई दिल्ली, एजेंसी। शुक्रवार ब्लैक फ्राइडे है। ऐसा दिन जब बहुत सारी चीजें सस्ती मिल रही हैं। यह डिस्काउंट कंपनियों की ओर से दिया जा रहा है। इसमें फ्लाइट की टिकट से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक शामिल है। आपको आईफोन भी सस्ते में खरीदने का मौका मिल रहा है। कई कंपनियां 50 फीसदी से ज्यादा डिस्काउंट दे रही हैं। पहले जानते हैं कि आखिर यह ब्लैक फ्राइडे सेल है क्या और इस दिन चीजें क्यों सस्ती हो जाती हैं। दरअसल, ब्लैक फ्राइडे सेल थैंक्सगिविंग डे के अगले दिन से शुरू होती है। थैंक्सगिविंग डे हर साल नवंबर महीने के आखिरी गुरुवार को मनाया जाता है। इसके अगले दिन यानी शुक्रवार से ब्लैक फ्राइडे सेल अगले शुरू होती है। यह सेल दुनियाभर में शुरू होती है। कह सकते हैं कि इस दिन से क्रिसमस की शॉपिंग शुरू हो जाती है। इस सेल की शुरुआत 1960 के दशक में अमेरिका में हुई थी। लेकिन अब यह लगभग पूरी दुनिया में फैल चुकी है।

आईआरसीटीसी ने भी ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू की है। अगर आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से फ्लाइट की टिकट बुक कराते हैं तो आपको भारी डिस्काउंट मिलेगा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग पर कन्वीनियंस फीस पूरी तरह माफ होगी। इससे यात्री अपनी यात्राएं सस्ते में प्लान कर सकते हैं। यह ऑफर सिर्फ एक दिन यानी आज के लिए है।

#### ई-कॉमर्स पर भारी छूट

अगर आप फ्लिपकार्ट या अमेजन से शॉपिंग कर रहे हैं तो आपको भारी छूट मिलेगी। फ्लिपकार्ट पर ब्लैक फ्राइडे सेल सिर्फ आज यानी 29 नवंबर के लिए ही है। स्मार्टवॉच, ईयरबड्स, पावर बैंक जैसे स्मार्ट गैजेट 80 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। वहीं टीवी और अप्लायंसेज पर कम से कम 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## दो भाइयों ने लगाया गजब का दिमाग, शुरू किया ऐसा काम जिसमें हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा, 3 करोड़ का टर्नओवर

नई दिल्ली, एजेंसी। ऋषभ और रोहन सूरी सगे भाई हैं। वे केरल के रहने वाले हैं। इन्होंने खेती के दौरान निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों से बायोडिग्रेडेबल बर्तन बनाने का स्टार्टअप शुरू किया है। इस स्टार्टअप का नाम कुदरत है। उनका मकसद प्लास्टिक और कागज के बर्तनों की जगह ऐसे बर्तन उपलब्ध कराना है जो जानवरों के लिए भी सुरक्षित हों। सर्फिंग करते समय समुद्र में फैले प्लास्टिक कचरे ने उन्हें यह काम करने के लिए प्रेरित किया।

## इस बदलते मौसम में कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ बनाइये अपनी इम्युनिटी को मजबूत

नई दिल्ली। मौसम में बदलाव के साथ इम्युनिटी अक्सर कमजोर हो जाती है और इसे मजबूत करने के लिये प्राकृतिक तरीके अपनाना जरूरी हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट ऋतिका समद्दर आपके रोजाना के रूटीन में पोषक-तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह दे रही हैं, ताकि आपकी इम्युनिटी असरदार तरीके से बढ़ सके। ऐसा ही एक सुपरफूड है कैलिफोर्निया आमंड्स, जिनमें 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं। बादाम के कई तरह से उपयोग किया जा सकता है और इसे खाकर पेट भरे होने का अहसास होता है। यह किसी भी व्यंजन, स्नैक या आहार में आसानी से मिल जाती हैं और पोषण का पावरहाउस बन जाती हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में प्रोटीन, फाइबर और हेल्थी फैट्स जैसे पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो उन्हें रोजाना के संतुलित आहार में शामिल करने के लिये बेहतरीन बनाते हैं। सेहत को उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में व्यापक जानकारी है। फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) बादाम को प्राकृतिक रूप से इम्युनिटी बढ़ाने के लिये डाइट में आवश्यक रूप से शामिल करने पर जोर देती है। इसके अलावा, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) डाइटरी गाइडलाइंस फॉर इंडियन्स बादाम को एक पोषक नट मानती हैं, जिन्हें अच्छी सेहत के लिये रोजाना खाया जा सकता है।

## बढ़ता कद: जिम रोजर्स बोले- दशकों बाद सही आर्थिक फैसले ले रहा भारत, विकसित राष्ट्र की ओर तेजी से बढ़ा रहा कदम



नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक निवेशक 82 वर्षीय जिम रोजर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत दशकों बाद सही आर्थिक फैसले ले रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार में काफी सारे बड़े बदलाव आए हैं।

जिम रोजर्स ने कहा, भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कारण मैं दोबारा से यहां निवेश करना पसंद करूंगा। आप जानते हैं, कई दशकों से भारत ने बहुत सी अच्छी चीजों के बारे में बात की है, लेकिन उन अमल नहीं किया गया। मुझे कभी भी ऐसा नहीं लगा कि भारत ने अर्थशास्त्र को समझा है और आगे क्या करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अब मेरे जीवन में पहली बार लगता है कि भारत चीजों को समझ रहा है। इसका मतलब यह है कि चीजें आगे और बेहतर होने वाली हैं। भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक में मजबूती से बढ़ी है। आजादी के बाद निवेश हुए 14 लाख करोड़ डॉलर में से 8 लाख करोड़ डॉलर बीते 10 वर्षों में आए हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा भारतीय लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। एजेंसी

#### भारत की विकास दर जी20 में सबसे ज्यादा

रोजर्स ने कहा, भारत की विकास दर जी20 देशों में सर्वाधिक 7 फीसदी है। इसकी वजह देश में निजी उपभोग बढ़ना है। कई वर्षों के बाद भारत को यह अहसास हुआ है कि संपन्नता व सफलता खराब चीज नहीं है।

### रतन टाटा की ख्वाहिश, मैं चाहूंगा...मुझे कुछ इस तरह याद रखे दुनिया

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन इंडस्ट्री के लीजेंड और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। हर कोई उनकी विजनरी लीडरशिप का कायल है। रतन टाटा की जिंदगी और उनकी कहीं बातें बहुत सारे लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। रतन टाटा की ख्वाहिशों में से एक यह थी, मेरी चाहत है कि मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाए, जिसने कभी दूसरों को आहत नहीं किया और हमेशा बिजनेस के सर्वोत्तम हित में काम किया है। रतन टाटा ने यह बात साल 2014 में कोलकाता में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के लेडीज स्टडी ग्रुप की तरफ से आयोजित एक इंटरैक्शन में कही थी। रतन टाटा ने फरवरी 2018 में सीएनबीसी पर सुहेल सेठ के साथ एक इंटरव्यू में कहा था, मैं चाहूंगा कि मुझे एक ऐसे शख्स के रूप में याद किया जाए, जो बदलाव लाया।

## शेयर.मार्केट ने ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिस्काउंट ब्रोकिंग में शीट्स की शुरुआत की

**9 शीट्स यूज़र के लिए ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगी और उन्हें सूचित निवेश निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी**

share.market
A PhonePe Product

बेंगलुरु, एजेंसी। फोनपे का प्रोडक्ट, शेयर.मार्केट ने आज शीट्स के लॉन्च की घोषणा की, जो डिस्काउंट ब्रोकिंग जगत में उद्योग की पहली पेशकश है । इससे बाजार हिस्सेदारियों को सशक्त बनाने और उनके ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वेब प्लेटफॉर्म ह्ढ्ढह्लद्र.ह्यद्धड्डह्म्द्ग.द्वड्डह्म्द्मद्गह्ल पर उपलब्ध, शीट्स बाजार डेटा को सीधे स्प्रेडशीट में आयात करके और अपने ट्रेडिंग मॉडल और रणनीतियों को सहजता से बनाकर ट्रेडर्स की मदद करता है। शेयर.मार्केट ने शीट्स के अभूतपूर्व लॉन्च के साथ उद्योग को फिर से परिभाषित किया है, तथा यह देश का एकमात्र डिस्काउंट ब्रोकर बन गया है जो यह अभिनव सुविधा प्रदान करता है। यह अत्याधुनिक टूल बाजार हिस्सेदार को आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाता है, जिससे उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करने और कार्रवाई योग्य बाजार को परख कर उसे उजागर करने में मदद मिलती है।

सीमित या बिना प्रोग्रामिंग बैकग्राउंड वाले ट्रेडर्स और निवेशक, विशिष्ट रणनीतियों और मानदंडों मिलाकर सैकड़ों स्टॉक को मैन्युअल रूप से मैनेज और विश्लेषण कर सकते हैं, जो ज्यादा समय लेने वाला और जटिल काम है। शीट्स इस चुनौती का समाधान करता है और ट्रेडर समुदाय को विकल्प रणनीति बनाने, खरीद और बिक्री संकेत तैयार करने और वास्तविक समय के आधार पर विचारधारा को प्रभावी ढंग से विश्लेषण करने में सक्षम बनाती है।

शीट्स के लॉन्च पर, शेयर.मार्केट के ष्टश्वह्र उज्ज्वल जैन जी का कहना है, कि शेयर.मार्केट लगातार बाजार हिस्सेदारियों के लिए ब्रोकिंग अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें सूचित निर्णय लेने के लिए बुद्धिमान बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। शीट्स डिस्काउंट ब्रोकिंग इकोसिस्टम में एक अनोखा टूल है, जो मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना कई स्टॉक पर नजर रखने की प्रक्रिया को ऑटोमेट करेगा।। इससे ट्रेडर्स को जल्द निवेश रणनीति बनाने और एरर के जोखिम को कम कर पाएंगे। ये टूल्स बाजार के सिग्नल, प्रवृत्तियों और मूमेंटम परिवर्तनों की सटीक पहचान करने में सक्षम बनाते हैं। इन शक्तिशाली नई फीचर के साथ, शेयर.मार्केट ट्रेडर्स और निवेशकों को अपनी रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है, जिससे उन्हें स्मार्ट, मार्किट सिग्नल निर्णय लेने में वास्तव में महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। आने वाली तिमाहियों में, शीट्स उभरते और अनुभवी ट्रेडर्स दोनों के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उन्नत सुविधाएँ पेश करेगी। इनमें कस्टम स्ट्रेटेजी बिल्डर शामिल होगा जो ट्रेडर्स को लाभ और हानि की भविष्यवाणी करने, ब्रेक-ईवन पॉइंट निर्धारित करने और लाइव चार्ट देखने की अनुमति देगा। ट्रेडर्स को पूर्व-निर्मित रणनीतियों, जैसे कि कोंडोर्स, स्प्रेड्स, लैडर आदि तक भी पहुंच प्राप्त होगी, जिन्हें आसानी से उनके मौजूदा टेम्पलेट्स में एकीकृत किया जा सकता है और वे अपने निवेश कदमों की योजना बना सकते हैं।

शेयर.मार्केट ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिसका लाइफटाइम ग्राहक आधार 2.5 मिलियन है तथा मासिक एक्टिव म्यूचुअल फंड स्ह्वक्लेनदेन 2 मिलियन से अधिक है। अगस्त 2024 तक, इसने 2 लाख एक्टिव निवेशकों को पार कर लिया, और खुद को भारत में 21वें सबसे बड़े ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया।

## ठंड की दस्तक पड़ी तो महंगे हो गए मसाले



नई दिल्ली, एजेंसी। ठंड की दस्तक पड़ गई है। ठंड में आमतौर पर साग-सब्जी सस्ती हो जाती है। लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। अभी भी दिल्ली में गोभी का फूल 80 रुपये किलो तो गाजर 40 रुपये किलो, टमाटर 60 रुपये किलो, आलू 40 रुपये किलो प्याज 50 रुपये किलो बिक रहा है। कहा जाता है कि इस बार बारिश का मौसम देर तक चला। इसलिए सब्जियों की बुवाई समय पर नहीं हो पाई। इसलिए लोकल सब्जियां अभी तक बाजार में नहीं आई हैं। अब ठंड बढ़ने के साथ ही दिल्ली के थोक बाजार में मसालों के दाम चढ़ गए हैं।

खुले बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने की वजह से इस समय अनब्रांडेड आटा, मैदा और ब्रेड आदि सब महंगे हो गए हैं। कुछ महीने पहले 700 ग्राम के ब्रेड या पावरोटी का जो लोफ 45 रुपये में मिला करता था उसकी कीमत पहले 55 रुपये हुई। अब पिछले दिनों ही चुपके से भी ब्रेड कंपनियों ने इसकी कीमत बढ़ा कर 60 रुपये कर दी।

महंगाई को हवा देने में अब मसाले भी पीछे नहीं हैं। राजधानी दिल्ली में मसालों के थोक बाजार खारी बावली में छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काली मिर्च से लेकर अन्य मसालों की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक डिमांड की अपेक्षा सप्लाई कम है जिसकी वजह से मसाले के भाव बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि खारी बावली में मसालों की एक बड़ी मार्केट है, जहां सभी प्रकार के मसाले थोक दाम में बिकते हैं। दिल्ली से लेकर आसपास के प्रदेशों में यहां से मसालों की सप्लाई होती है।

नॉर्दर्न स्पाइसेज ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट रविंद्र अग्रवाल बताते हैं कि ठंड की दस्तक के बाद से मसालों की डिमांड बढ़ी है। आलम यह है कि बड़ी इलायची की कीमत थोक मंडी में 1500 रुपये प्रति किलो था जो अब 1700 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके अलावा छोटी इलायची की कीमत 2600 रुपये प्रति किलो थी, अब इसकी कीमत 3000 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसके पीछे का कारण क्रॉप की कमी है, जिसकी वजह से दाम बढ़ रहे हैं। वहीं काली मिर्च की कीमत में प्रति किलो 20 रुपये और दालचीनी की थोक कीमत में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

## रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350: सत्तर के दशक की गोवा मोटो-संस्कृति से प्रेरित एक मोटरसाइकिल



मुंबई, एजेंसी। 70 और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित, रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। गोअन क्लासिक 350 सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि खुद को अपने अंदाज में जताने का जरिया है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो हमेशा नई राहें खोजने और जिंदगी को अपने अंदाज में जीने की चाहत रखते हैं।

हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफस्टाइल के जोश का संगम है। चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गई लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉट उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल जरूरी चीजों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। इंजन का हर रेव गोवा के सुनहरे ग्रूव की भावना के साथ गूंजता है, ठीक वैसे ही जैसे सूरज की किरणों से भीगे दिन आपको हर पल का आनंद लेने के लिए प्रेरित करते हैं। सच्चे बॉबर-प्रेरित डीएनए के साथ, मोटरसाइकिल की विशेषता सिंगल-सीट डिज़ाइन, फ्लोटिंग राइडर सीट और ट्यूबलेस स्पोक व्हील्स पर व्हाइटवॉल टायर हैं जो बॉबर संस्कृति के जाने-माने कस्टमाइज़ेशन को दर्शाते हैं।

नई गोअन क्लासिक 350 के बारे में बात करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गोअन क्लासिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना के लिए एक हार्दिक सम्मान है, जिसका रॉयल एनफील्ड ने दशकों से समर्थन किया है। मेरे लिए, यह मोटरसाइकिल गोवा की मोटो-संस्कृति और रॉयल एनफील्ड के जुनून का प्रतीक है, जो ऐसी मोटरसाइकिलें बनाने के लिए है जो सिर्फ मशीन से कहीं ज्यादा हैं और यह आत्म-खोज और अभिव्यक्ति का एक साधन हैं। यह मोटरसाइकिल न केवल गोवा की सड़कों पर घर जैसा महसूस कराती है, बल्कि हर जगह जिंदादिल और बेफिक्र राइडर्स के लिए गोवा का खुशनुमा एवं आरामदायक अहसास लाती है। नई मोटरसाइकिल के बारे में बात करते हुए, रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा, कस्टम बॉबर संस्कृति में निहित, गोअन क्लासिक डिजाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का एक सुंदर मिश्रण है। लो-स्लंग सिलहॉट और सिंगल फ्लोटिंग राइडर सीट, आकृति और एर्गोनॉमिक्स, और रंगों के चमकदार संयोजन से, गोअन क्लासिक में बहुत ही बोहेमियन और जिंदादिली का एहसास देने वाला वाइब है जो आरामदायक सवारी भी है।



# विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल है इंडिया गेट

**इंडिया गेट जो विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल एक द्वार है और यह दिल्ली में स्थित है.हर साल लाखों सैलानी इस द्वार को देखने आते है.हर साल 26 जनवरी के दिन इंडिया गेट के सामने गणतंत्र दिवस की परेड कराई जाती है.**

जी हां दोस्तों आज का हमारा लेख इंडिया गेट से संबंधित है.आज हम आपको इंडिया गेट से जुड़े वे सभी रोचक तथ्य बताने जा रहे हैं जो आपने आज से पहले शायद ही कहीं पढ़े होंगेतो चलिए जानते हैं

- इंडिया गेट की ऊंचाई 43 मीटर है विश्व का सबसे बड़ा युद्ध स्मारक है.
- क्या आप जानते हैं इंडिया गेट को प्राचीन समय में किंग्सवे के नाम से जाना जाता था और इसका डिजाइन सर एडवर्ड लुटियन्स ने बनाया था.
- इंडिया गेट के सामने स्थापित छतरी में जार्ज पंचम की एक मूर्ति स्तापित थी जिसे बाद में यहाँ से हटाकर कोरोनेशन पार्क में स्थापित कर दिया गया था.
- आपको जानकर गर्व होगा इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुऐ 80,000 से अधिक भारतीय सैनिकों की याद में किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट पर 13300 अधिकारियों और सौनिकों के नाम अंकित हैं.
- इंडिया गेट के नीचे चारों कोनों पर अमर जवान ज्योति हमेशा जलती रहती है जिसे वर्ष 1971 में भारत पाक युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों की याद में स्तापित किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट की नींव 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट ने रखी थी और इस स्मारक को बनने में पूरे 10 वर्षों का समय लगा था.
- इंडिया गेट को देखने के लिए भारतीय टूरिस्टो के साथ साथ विदेशी सैलानी भी इस द्वार पर आते है.
- शाम के समय इंडिया गेट के चारों ओर लगी रोशनियों से इसे जगमगा दिया जाता है.जिससे एक भव्य दृश्य बनता है जो हमारी आँखों को एक सुखद अहसास देता है.
- आप इस स्मारक के पास से राष्ट्पति भवन को भी निहार सकते है.

# अब मछली नहीं उड़ती

बहुत पुरानी बात है। उन दिनों मछलियां तैरने के साथ उड़ भी सकती थीं। मछली का मन करता, तो वह दूर आसमान में जा उड़ती। तैरने का मन करता, तो नदी के अंदर चली जाती।

एक दिन बगुले का जोड़ा कहीं जा रहा था। बगुला मछली से बोला, हमारे अंडों का ध्यान रखना। हम किसी से मिलकर आते हैं।

दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने कहां चली गई? उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। हमारे अंडों का ध्यान रखना। उन सबके लौटने तक मछली ने अंडों का ध्यान रखा।

शाम हुई, तो चुहिया ने मछली से कहा, मैं घूमने जा रही हूं। मेरे बच्चे अकेले हैं। मछली पहरा देने लगी। चुहिया रात को लौटी। मछली जाने को हुई, तो गिलहरी ने आवाज लगाई, अमरूद पक गए होंगे, तो मुझे बताना।

मछली उड़ी और अमरूद के पेड़ के फल देख आई। फिर गिलहरी को बताया, अमरूद पक चुके हैं।

मछली जाने लगी, तो एक सांप ने पूछा, कहां जा रही हो?

मछली बोली, अब थक गई हूं। पानी में तैरने जा रही हूं।

सांप ने हंसते हुए कहा, आज की थकान तो दूर हो जाएगी। मगर कल क्या होगा?

मछली ने चौंकते हुए पूछा, मतलब?

सांप ने जवाब दिया, मतलब यह है कि हर कोई तुम पर रौब जमाता है। मोर, बगुले, चुहिया, गिलहरी तक तुम से अपना काम करा लेते हैं। क्यों?

मछली सोच में पड़ गई।

सुबह हुई। बगुले का जोड़ा मछली के पास आया और वही बात कहकर उड़ चला। मछली को सांप की बात याद थी। उसने मुंह बनाया, हुंह! मैं नदी में तैरने जा रही हूं। शाम तक बाहर नहीं आऊंगी।

बस फिर क्या था। सांप को इसी पल का इंतजार था। बगुलों के वापस आने से पहले वह उनके अंडे खा चुका था।

दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने फिर कहां चली गई। मैं उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। अंडों का ध्यान रखना।

मछली ने मोर की बात को अनसुना कर दिया। वह घने पेड़ के पीछे आराम करने लगी। सांप ने मोरनी के अंडों को भी चट कर डाला।

शाम हुई, तो चुहिया ने मछली को बुलाया। रोज की तरह वह टहलने चली गई। मछली उड़ी और आसमान में गायब हो गई। अब सांप चुहिया के बच्चों को निगल गया।


रात हुई, तो गिलहरी ने मछली से कहा, अमरूद पक गए हैं। मैं भी कुछ अमरूद खा आती हूं। मेरे बच्चों का ध्यान रखना। गिलहरी के जाते ही मछली ने नदी में गोता लगाया। वह तैरती हुई नदी के दूसरे तट पर जा पहुंची। सांप ने गिलहरी के बच्चों को भी अपना निवाला बना लिया।

सुबह हुई, तो सभी ने मछली को घेर लिया। बगुला आगबबूला होकर चिल्लाया, मेरे अंडे कहां हैं?

चुहिया और गिलहरी ने अपने बच्चों के बारे में पूछा। मछली ने जवाब दिया, मुझे क्या पता?

बगुले को गुस्सा आ गया। उसने मछली को दबोच लिया। मछली ने डरते-डरते सारा किस्सा सुनाया।

किस्सा सुनकर चुहिया बोली, एक सांप की बातों में आकर तुमने हमारा भरोसा तोड़ा है। मैं तुम्हें उड़ने लायक नहीं छोड़ूंगी। चुहिया ने मछली के पंख कुतर डाले। गिलहरी ने कहा, आज से तुम उड़ नहीं पाओगी। मछली नदी में जा छिपी। बगुला बोला, कहां जाती हो। मैं तुम्हें पानी में भी नहीं छोड़ूंगा। तभी से बगुला मछली की ताक में रहता है। वहीं मछली अब उड़ नहीं पाती है।






**बादलों का सीना चीरकर उड़ने वाले पक्षी बाज के बारे में आप भली-भांति जानते होंगे.बाज एक ऐसा पक्षी है जो बादलों से भी ऊपर उड़ सकता है और इसके साथ ही यह पक्षी बहुत तेज रफ्तार से उड़ता है. उदाहरण के तौर पर बाज 380 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक उड़ सकता है.**

# आसमान का राजा बाज

बाज आसमान में लगभग 12000 फीट ऊंचा उड़ सकता है यह बारिश के दिनों में हमेशा बादलों के ऊपर उड़ता है शायद इसीलिए इसे आसमान का राजा भी कहा जाता है. बाज हवा में एक जगह मंडरा सकते हैं जैसे एक पतंग हवा में एक जगह उड़ती रहती है.एक वैज्ञानिक शोध के अनुसार बाज की नजर बहुत तेज होती है यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर दूर से ही देख सकता है साथ ही इनकी आंखों में इन्फ्रारेड सिस्टम विकास हो गया है जिसकी वजह से यह है शिकार के शरीर से निकलने वाली गर्मी को पहचान कर उसका शिकार कर सकता है.बाज की नजर का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बाज को आसमान से ही पानी में तैरती हुई मछली दिखाई दे जाती है और बाज पानी में गोता लगाकर मछली को पकड़ सकता है.

बाज की चोंच एक अलग तरह से बनी होती है इनकी चोच 90 डिग्री के कोण पर मुड़ी हुई होती है चोच के दोनों तरफ एक छोटा दांत बाहर निकला हुआ होता है.यह अपने शिकार को देखते हैं लगभग 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार की तरफ बढ़ते है.और जैसे ही कोई मेंढक या चूहा पकड़ते है तो उसकी गर्दन पर ऐसी जगह पर वार करते है जिससे उसका नर्वस सिस्टम काम करना बंद कर देता है. जिसे शिकार मुकाबला नहीं कर पाता है और मारा जाता है.बाज अपने से दो गुना बड़े शिकार को पकड़ सकता है, कभी-कभी यह अपने से इतने बड़े शिकार को पकड़ लेते हैं कि एक बार में उसे खा भी नहीं पाते है.वथद्दद्द्र शिकार करके अपने भोजन को ऊंची पहाड़ियों में बने अपने घोसलों में छोड़ देते है. और बाद में जब इन्हें भूख लगती है तब यह उस शिकार को आ कर खा लेते है.बाज की आंखें अपने शिकार को बिना पलक झपकाए अधिक समय तक देख सकती हैं इसी कारण ये अपने शिकार से कम ही चुकते है. बाज एक मांसाहारी पक्षी होता है इसका भोजन सांप, मछली, मेंढक, खरगोश, चूहे और छोटे पक्षी होते है. यह पक्षी लगभग पूरी दुनिया में ही पाया जाता है यह ज्यादातर ऊंची पहाड़ियों और चट्टानों पर अपना घोंसला बनाते है लेकिन ज्यादातर बाज पक्षी दूसरे पक्षियों के घोंसलों पर कब्जा करके यह रहते है.विश्व भर में इसकी 60 से भी अधिक प्रजातियां पाई जाती है.एक वयस्क बाज का वजन लगभग 10 किलो तक हो सकता है.इसके फल का आकार में बहुत बड़े और पतले होते हैं जिसके कारण यह ज्यादा देर तक हवा में उड़ पाते है.मादा बाज पक्षी साल में एक बार 3 से 4 अंडे देती है और जब तक उनमें से उसके बच्चे नहीं निकल आते है वह उनके ऊपर बैठी रहती है. बाज के बच्चे अंडे में से औसतन 35 से 40 दिनों के अंदर बाहर निकल आते है.एक बाज की औसतन आयु 60 से 70 वर्ष होती है.उनके पंख और सोच लगातार बढ़ती रहती है इसलिए जैसे-जैसे यह ब्यस्त होते है. इन्हें अपनी चोच से भोजन खाने में दिक्कत होने लगती है इसीलिए यह चट्टानों पर जाकर अक्सर अपनी चोच घिसते रहते है.इनके पंजों की बात करें तो पैर के पंजे बहुत ही ताकतवर और नुकीले होते हैं जिससे यह किसी भी सांप या मछली को अगर एक बार पकड़ ले तो उसके बाद छोड़ते नहीं है.यह पक्षी ज्यादातर अकेले रहना ही पसंद करता है.



- बाज पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी होता है.
- बाज एक मांसाहारी पक्षी है.
- यह मुख्य रूप से भोजन में सांप, मछली, चूहा, मेंढक इत्यादि खाते है.
- बाज आसमान में बिना पंखों को हिलाएं हवा में अधिक समय तक उड़ सकता है.
- यह लगभग दुनिया के हर देश में पाया जाता है और दुनिया भर में इसकी 60 से अधिक प्रजातियां अभी तक खोजी जा चुकी है.
- यह पक्षी अकेले में जंगलों में पहाड़ियों के ऊपर रहना पसंद करता है.
- क्या आप जानते हैं जब भी पक्षियों के राजा की बात आती है तो उनमें बाज का नाम सबसे पहले लिया जाता है.क्योंकि यही एक मात्र ऐसा पक्षी है जो तेज रफ्तार के साथ ही शारीरिक रूप से भी सर्वाधिक शक्तिशाली माना जाता है.
- बाज मांसाहारी जीवो की श्रेणी में आता है और इसका जीवनकाल लगभग 40 वर्ष से लेकर 70 वर्ष का होता है.
- बाज तेजी से उड़ने और सतह पर चलने की लिए भी जाना जाता है. यह पक्षी सतह पर भी गजब की तेजी से दौड़ता है.
- बाज के शरीर की बनावट जैसे छाती की मजबूत मांसपेशियाँ , लम्बे पंख और स्ट्रीमलाइन आकार के फाल्कन सही मायने में इस पक्षी को गजब की रफ्तार देने के लिए ही बने है.
- बाज के शरीर की लंबाई 13 से 23 इंच तक हो सकती है तथा बाज क पंखो लंबाई 29 से 34 इंच तक होती है.इसके साथ ही मादा बाज का आकार नर बाज से बड़ा होता है.
- बाज के पसंदीदा शिकारो में चिड़िया, कबूतर, चूहा ट बत्तख इत्यादि का शिकार ज्यादातर करता है.
- बाज आकाश में 12000 फीट की उंचाई तक उड़ान भर सकता है
- क्या आप जानते है बाज की अब तक लगभग 2000 प्रजाति खोजी जा चुकी है.
- अगर आप बाज को नहीं पहचानते तो इसे जानने के लिए नीली स्लेटी और उसी रंग के लम्बे नुकील पंखो और पेट पर सफेद एवं काले धब्बो से पहचाना जा सकता है.
- आपको जानकर हैरानी होगी द्वितीय विश्व युद्ध में कबूतरों द्वारा भेजे संदेशो को रोकने के लिए घुमन्तु बाज का इस्तेमाल किया जाता था.
- जंगलो में रहने वाले आदिवासी ज्यादातर छोटे -छोटे पक्षियों के शिकार के लिए बाज का सहारा लेते हैं.
- बाज एक ऐसा पक्षी है जो अंटार्टिका के इलावा समूचे विश्व में पाया जाता है.
- बाज ही एकमात्र ऐसा शिकारी पक्षी है जो शिकार के लिए इंसान के 2 साल के बच्चे को भी उठा कर ले जा सकता है.
- मादा बाज 1 से लेकर 3 अंडे देती है और लगभग बाज 34 से 36 दिनों तक अण्डों पर बैठती है जिसके बाद अण्डों में से बच्चे बाहर निकल आते हैं
- क्या आप जानते है एक स्वस्थ बाज 6 किलोग्राम वजन को उठा कर हवा में उड़ सकता है.
- जिस तरह बाज तेजी का प्रतिक माना जाता है ठीक इसी प्रकार बाज के बच्चे का भी बहुत तेजी से विकास होता हैं यह 6 सप्ताह में 3-4 किलो हो जाता हैं.
- बाज की नजर भी बहुत तेज होती है उदाहरण के तोर पर यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर की दूरी पर भी देख लेता है.



# प्रति सेकंड 130 फ्रेम देख सकता है पेरग्रिन बाज

पशु-पक्षियों की दुनिया में पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तेज होती है। एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया के सबसे सामान्य परभक्षी पक्षियों में शुमार यह बाज एक सेकंड में लगभग 130 फ्रेम देख सकता है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी सहित कई शोधकर्ताओं का कहना है कि इसकी तुलना में इंसान प्रति सेकंड अधिकतम 50-60 फ्रेम ही देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई शख्स मूवी थिएटर में बतौर फिल्म प्रति सेकंड 25 छवियों की गति ही देख सकता है। वह भी उसे छवियों की शृंखला के रूप में नहीं देख सकता है। जर्नल ऑफ एक्सपेरिममेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तीव्र होती है। तेज प्रकाश वाले वातावरण में उसकी दृष्टि 129 एचजेड (प्रति सेकेंड पलक झपकाना) होती है। इन्हीं परिस्थितियों में सेकर बाज 102 एचजेड और हैरिस की देखने की क्षमता 77 एचजेड होती है। ऐसा पहली बार है, जब वैज्ञानिकों ने परभक्षी पक्षियों की दृष्टि की गति का अध्ययन किया है। इसके लिए उन्होंने यह गणना की कि वे कितने दृश्यों का अनुभव कर सकते हैं। अध्ययन के सह लेखकों में एक लुंड यूनिवर्सिटी के एल्मट केल्बर ने कहा, 'मेरे सहयोगी साइमन पोटियर और मैंने सेकर और हैरिस प्रजाति के बाजों का अध्ययन किया। इस दौरान यह भी गणना की कि ये कितनी तेज रोशनी में झपकी ले सकते हैं।' शोधकर्ताओं ने कहा कि परभक्षी पक्षियों की नजर शिकार की जरूरत के हिसाब से हरकत करती है। आमतौर पर बाज तेज गति से उड़ने वाली पक्षियों का शिकार करते हैं और अपनी तीव्र दृष्टि से उन पक्षियों के सचेत होने से पहले ही उन्हें पकड़ लेते हैं।

## 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार करता है

शोधकर्ताओं ने बताया कि हैरिस नामक बाज के पास अत्यधिक ऊंचाइयों पर शिकार करने के लिए बहुत तेज दृष्टि नहीं होती है, क्योंकि वह जमीन पर छोटे और धीमी गति वाले जानवरों का शिकार करते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, पेरग्रिन बाज के पास अलग-अलग दृश्यों में खुद की दृष्टि को समायोजित करने की क्षमता होती है, क्योंकि यह एक फॉर्मूला वन रेसिंग कार की गति यानी 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपने शिकार पर हमला बोलती है।

## पिंजरे में रखे गए पक्षियों की स्थिति समझने में मिलेगी मदद

यह अध्ययन छोटे कीटों को खाने वाली पक्षियों की देखने की क्षमता का पता लगाने के लिए किया गया है। शोधकर्ताओं ने का कहना है कि बाजों के शिकार की कला यह भी बताती है कि परभक्षी पक्षियों की दृष्टि बहुत तीव्र होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस अध्ययन से मिली नई जानकारी से कैद में रखे गए पक्षियों की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

# अजीब है कस्तूरी बैल

**बैल के बारे में आप लोग तो कुछ न कुछ जानते ही होंगे। लेकिन आप लोगों को आज एक ऐसे बैल के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में शायद ही आप लोग जानते हों। यह बैल है कस्तूरी बैल। है न रोचक बात! आप लोग मस्क डीयर यानी कि कस्तूरी हिरण के बारे में जानते होंगे, लेकिन कस्तूरी बैल के बारे में नहीं। यह बैल भले ही अपने यहां नहीं पाया जाता, लेकिन यह कुछ एक देशों में पाया जाता है।**

कस्तूरी बैल बिल्कुल याक जैसा दिखता है। यह वृक्षहीन टुन्ड्रा प्रदेश और आर्कटिक प्रदेशों का निवासी है। पूर्वी अलास्का से लेकर उत्तरी कनाडा तक और ग्रीनलैंड में पाया जाता है। इसकी दो प्रजातियां होती हैं। एक ग्रीनलैंड मस्क ऑक्स या व्हाइट फेस्ड मस्क ऑक्स। दूसरी प्रजाति केनेडियन हाई-आर्कटिक मस्क ऑक्स होती है।

### दिखता है याक जैसा

यदि आप इसे दूर से देखो तो आप को भ्रम हो जाएगा। आपको लगेगा कि यह याक है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इसका शरीर काफी गठीला होता है। उस पर फर की दोहरी परत होती है। बाहरी परत लम्बे-लम्बे फर वाली होती है। कभी-कभी इसके बाल इतने लम्बे होते हैं कि जमीन को भी छूने लगते हैं। इनके मोटे फरों का रंग गहरा भूरा होता है। इनके फर ही बर्फीले आर्कटिक की शीत लहरों में ठंड से बचाव करते हैं। इनके बाल भेड़ के बालों की तरह ऊन बनाने के काम आते हैं। इनके फर गर्मी के मौसम में झड़ने लगते हैं।

### विशालकाय शरीर

इसके कंधों पर कूबड़ होता है। इसके सींग लम्बे,चौड़े और मुड़े हुए होते हैं। इसके खुर बैलों से काफी बड़े होते हैं । इसके विशालकाय शरीर का वजन 200 किलोग्राम से 400 किलोग्राम तक हो सकता है, जबकि शरीर की लम्बाई छह फुट से साढ़े सात फुट के मध्य होती है और ऊंचाई पांच फुट तक होती है। इसके गठीले शरीर के कारण ही शिकारी जानवर जल्दी हमला नहीं कर पाते। ये अक्सर झुंड में ही रहते हैं, इसलिए शिकारी जानवरों पोलर बीयर, आर्कटिक फॉक्स और आर्कटिक भेड़ियों से अपनी रक्षा कर लेते हैं।

### नहीं खाता मांस

आप लोग सोच रहे होंगे कि बर्फ में रहने की वजह से इसका भी भोजन मांस होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह बिल्कुल भी मांसाहारी नहीं है। घास, आर्कटिक फूल, मरकट और बहुत प्रकार की वनस्पति खाता है। वैसे इसे 'विलो प्लांट' खाना ज्यादा अच्छा लगता है। यह अपना भोजन चबाता नहीं है, बल्कि उसे निगल जाता है।





# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: पाकिस्तान को हाइब्रिड मॉडल मंजूर ! लेकिन सामने रखीं अपनी शर्तें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान के पास है। लेकिन अभी तक टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट कहां होगा इसको लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। भारतीय टीम ने पहले ही पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया तो ऐसे में आईसीसी इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने पर विचार कर रही है। आईसीसी ने इसके लिए 29 नवंबर को एक बैठक भी की थी। हालांकि, उस बैठक में कुछ पाकिस्तानियों ने हाइब्रिड मॉडल पर आपत्ति जताई थी।


खबरों की मानें तो अब पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार है लेकिन उसने आईसीसी के सामने कुछ ऐसी शर्तें रखी हैं, जिन्हें आईसीसी मान भी सकती है। फाइनल फैसला क्या होगा यह अभी देखा जाना है। पीसीबी चाहता है कि इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच लाहौर में हो। इसे बैकअप के तौर पर रखना चाहिए। अगर भारतीय टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो इस टूर्नामेंट का फाइनल लाहौर में ही कराया जाना चाहिए।

पीसीबी ने यह भी कहा कि अगर भारत भविष्य में कोई आईसीसी टूर्नामेंट आयोजित करता है तो वह टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होना चाहिए। पाकिस्तान अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा। पीसीबी ने साफ कहा है कि जब पाकिस्तान भारत आकर नहीं खेल सकता तो पाकिस्तान टीम भी भारत जाकर नहीं खेलेगी। यह प्रतियोगिता 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होने की उम्मीद है। 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है। 2017 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी आईसीसी कैलेंडर में लौट रही है। पाकिस्तान ने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। वहीं, भारतीय टीम 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीत पाई है।

आईसीसी के समझाने के बाद भी पीसीबी बैठक में नहीं मानी। आईसीसी के सदस्य पीसीबी को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बिना चैंपियंस ट्रॉफी का मजा नहीं आएगा। सबसे बड़ी बात तो ये है कि अगर दोनों देशों के बीच मैच नहीं हुआ तो बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। हालांकि आज जो खबरें आ रही हैं उससे लग रहा है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित किया जाएगा।




# भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में आग उगलने को तैयार ये ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगामी एडिलेड टेस्ट में हिस्सा लेने पर कहा कि वे अच्छी स्थिति में हैं। 6 दिसंबर से शुरू होने वाले एडिलेड टेस्ट में जोश हेजलवुड की जगह लेने के लिए बोलैंड पसंदीदा खिलाड़ी हैं। बोलैंड वर्तमान में कैनबरा में हैं, जहां भारत के खिलाफ पीएम एकादश का दो दिवसीय अभ्यास मैच होना है। बोलैंड ने माना कि उन्होंने सीजन में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है, हालांकि, अब उनका शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से पहले सामान्य तैयारी होगी। जाहिर तौर पर मैंने सीजन की शुरुआत में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इतना क्रिकेट खेला है कि मुझे लगता है कि मैं वास्तव में अच्छी स्थिति में हूं। मेरा शरीर अब वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा है। कुछ हल्की-फुल्की चोटें थीं, लेकिन घुटने और पैर वास्तव में अच्छे लग रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि गेंद कैसे बाहर आ रही है।

पर्थ टेस्ट में भारत से 295 रन की हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने पुष्टि की कि उनकी टीम के चेंजिंग रूम में कोई पैनिक स्टेशन नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे चेंजिंग रूम में निश्चित रूप से घबराहट की कोई स्थिति नहीं है। जाहिर तौर पर व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में कुछ बातचीत होगी और हर कोई अपने द्वारा खेले जाने वाले प्रत्येक खेल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। बता दें कि न्यूजीलैंड से 3-0 से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद भारतीय टीम पर्थ में पहली पारी में महज 150 रन पर आउट होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराने में कामयाब रही थी।

# टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च, हरमनप्रीत कौन को आई पसंद

### -22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में टीम पहनेगी नई जर्सी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मुंबई में बीसीसीआई दफ्तर में टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी का अनावरण किया। इंडिया टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से बड़ौदा में होने वाली वनडे सीरीज में नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने एक वीडियो में कहा कि आज जर्सी का अनावरण करना सम्मान की बात है और मुझे वास्तव में खुशी है कि आप जानते हैं, हम पहले व्यक्ति हैं जो वेस्ट इंडीज टीम के खिलाफ इस जर्सी को पहनने जा रहे हैं। जर्सी का लुक पसंद आया। यह वास्तव में सुंदर है हमें एक विशेष वनडे जर्सी मिली है।

टीम इंडिया 15 दिसंबर से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगा। इसके बाद नवी मुंबई और वडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वन-डे और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। जनवरी में राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। टीम इंडिया 15, 17 और 19 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन टी20 मैचों में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, जिसके बाद 22, 24 और 27 दिसंबर को वडोदरा में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया 10, 12 और 15 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में तीन वनडे मैचों की सीरीज आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। ये दोनों वनडे सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगी, जो भारत में अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन प्लेटफॉर्म है।

# टीम इंडिया का प्रैक्टिस मैच बारिश की भेंट चढ़ा, अब रविवार को होगा वनडे मैच

**कैनबरा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार को मनुका ओवल में भारत के 2 दिवसीय दौरे के मैच का शुरुआती दिन बारिश के कारण रद्द हो गया। अब सिर्फ एक दिन बचा है तो ऐसे में प्रबंधन ने वनडे मैच करवाने का फैसला लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाऊंट पर इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई ने लिखा- अपडेट: प्रधानमंत्री एकादश बनाम भारत - मनुका ओवल। पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया है और कल (रविवार) सुबह 9=10 बजे फिर से शुरू होगा। टॉस 8=40 बजे होगा। टीमें 50 ओवर खेलने के लिए सहमत हो गई हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर को एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले लगातार बारिश के कारण गुलाबी गेंद वाले टूर मैच के पहले दिन का खेल रद्द कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक (स्थानीय समयानुसार) लगातार बूंदाबांदी से खेल की उम्मीद कम रह गई थी। बारिश के कारण पूरे कवर को हटाया ही नहीं जा सका। भारतीय टीम ने थोड़े समय के लिए मैदान का दौरा किया लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए उनके पास रुकने का कोई कारण नहीं था।




हालांकि दिन के अंत में बारिश में थोड़ी राहत मिलने से गतिविधियां शुरू हो गईं। अंपायरों ने टीम के सहयोगी स्टाफ को जानकारी दी। हालांकि, ग्राउंड स्टाफ ने अंततः कवर बहाल कर दिए और आगे कोई कार्रवाई नहीं करने का संकेत देते हुए शाम 6=30 बजे चले गए। शाम 7 बजे भारी बारिश फिर से शुरू हुई, जिससे आधिकारिक तौर पर खेल की कोई संभावना नहीं रही।

बता दें कि गुलाबी गेंद टेस्ट से पहले भारतीय टीम के पास दिन-रात टेस्ट के लिए मैच की स्थिति के अनुकूल होने का रविवार को आखिरी मौका होगा। दूसरे टेस्ट के लिए रोहित शर्मा की उपलब्धता भारत के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जबकि ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के बिना होगा, जिन्होंने 2020 में एडिलेड में भारत के कुख्यात 36 ऑल-आउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# मनु इसलिए नेशनल चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगी : राणा

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने एक बार फिर अभ्यास शुरु कर दिया है पर वह अगले महीने होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं खेलेंगी। मनु ने पिछले माह अक्टूबर में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ निशाने विश्वकप में भी फाइनल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। इस प्रकार ये दूसरा टूर्नामेंट है जिसमें वह नजर नहीं आयेंगी।। मनु के कोच जसपाल राणा के अनुसार मनु ने अभी पर्याप्त अभ्यास नहीं किया है, इसलिए वह किसी बड़े टूर्नामेंट में नही उतरना चाहती हैं। वह अभी अपनी ग्रिप को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही हैं। कोच ने कहा कि हम फिलहाल मनु भाकर की ग्रिप को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस कारण हमने यूरोपीय दौरे का फैसला पहले ही कर लिया था। ऐसे कई पक्ष है जिसपर हमें ध्यान देना है। जिससे वह आने वाले समय में और बेहतर निशानेबाज के तौर पर उभरेंगी।



# डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया को साउथ अफीका ने एक पायदान नीचे धकेला, टीम इंडिया अभी भी नंबर 1



नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट टेबल में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा नुकसान हुआ है। साउथ अफीका ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में 233 रन से बड़े अंतर से हरा दिया। इस मैच में बेहतरीन ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले मार्को यानसेन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही साउथ अफीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में ऑस्ट्रेलिया को नीचे धकेल दिया और दूसरे नंबर पर पहुंच गई। साउथ अफीका की इस जीत से भारत को कोई फर्क नहीं पड़ा और अब भी पहले नंबर पर है। डरबन टेस्ट मैच में साउथ अफीका को मिली जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को बड़ी निराशा मिली और ये टीम WTC अंकतालिका में तीसरे स्थान पर आ गई। इससे पहले कंगारू टीम दूसरे स्थान पर मौजूद थी। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले ये ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर बिल्कुल भी नहीं है। साउथ अफीका ने डब्ल्यूटीसी के 223-25 साइकल में अब तक 9 मैच खेले हैं जिसमें उसे 5 में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और 1 मैच ड्रॉ रहा है। इस टीम की जीत का प्रतिशत अब 59.260 है। भारत की बात करें तो इस टीम ने 15 मैचों में 9 मैच जीते हैं जबकि 5 मैच गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ खेला है। भारत की जीत का प्रतिशत अभी 61.110 है और वो अब भी पहले नंबर पर बरकरार है। वहीं कंगारू टीम ने 13 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में उनसे हार मिली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है और इस टीम की जीत का प्रतिशत 57.690 है। अंकतालिका में इंग्लैंड की टीम चौथे नंबर पर है जबकि श्रीलंका की टीम 5वें नंबर पर है। वहीं पाकिस्तान 7वें नंबर पर है।

# सैयद मोदी बैडमिंटन: सिंधु एकल तथा क्रैस्टो-कपिला मिश्रित युगल के फाइनल में

**लखनऊ (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु ने महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में उन्नति को केवल 36 मिनट में 21-12, 21-9 से हरा दिया। सिंधु का अगला मुकाबला थाईलैंड की लालिनराट चाइवान और चीन की लुओ यू वू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। इससे पहले तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने चीन की झी होंग झोउ और जिया यी यांग की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 42 मिनट तक चले सेमीफाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-16, 21-15 से हराया। उनका अगला मुकाबला चीन की पिन यी लियाओ और के शिन हुआंग तथा थाईलैंड की डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।






# रोहित की वापसी के बाद भी राहुल ही करें पारी की शुरुआत : पुजारा

कैनबरा। बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के बाद भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करें। रोहित के पहले टेस्ट में नहीं होने के कारण राहुल ने यशस्वी के साथ पारी शुरु की थी। इस जोड़ी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में जबरदस्त बल्लेबाजी करने वाले पुजारा का मानना ??है कि सीरीज के पहले मैच में 295 रन की जीत के बाद सलामी जोड़ी में कोई बदलाव नही होना चाहिये। उन्होंने कहा कि यशस्वी ने पहली पारी में शानदार शतक लगाया। वहीं राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पर्थ में दो पारियों में 26 और 77 रन बनाए। पुजारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम इसी बल्लेबाजी क्रम को जारी रख सकते हैं तो रोहित तीसरे नंबर पर आ सकते हैं और शुभमन पांचवें नंबर पर आ सकते हैं। अगर रोहित शुरु करना चाहते हैं, तो राहुल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके बाद कुछ नहीं। मुझे लगता है कि उन्हें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि यह उनके खेल के लिए बहुत अच्छा है। मुझे उम्मीद है कि इसमें बदलाव नहीं होगा। वहीं पुजारा ने कहा, आदर्श रूप से शुभमन के लिए 5 वां स्थान अच्छा है इससे उन्हें एक समय में आने का मौका मिलता है, भले ही हम दो विकेट जल्दी खो दें, वह ऐसा खिलाड़ी है जो नई गेंद से निपट सकता है। लेकिन अगर वह 25 या 30 ओवर के बाद आता है, तो वह अपने शॉट खेल सकता है। वह अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है। उन्होंने कहा, अगर हम पहले तीन विकेट जल्दी खो देते हैं, तो शुभमन आता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत को बचाता है। पंत को नई गेंद का सामना नही करना पड़ता है। पुजारा ने कहा, मैं नहीं चाहूंगा कि वह तब बल्लेबाजी के लिए आए जब गेंद सख्त और नई हो।



# अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान ने भारत को हराया, पाकिस्तान के लिए शाहजेब ने जड़ा शतक

**दुबई (एजेंसी)।** अंडर-19 एशिया कप 2024 के एक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को हरा दिया। पाकिस्तान के लिए ओपनर बल्लेबाज शाहजेब खान 159 रनों की पारी खेली। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम को 44 रनों से हार गयी। पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए 282 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 48वें ओवर में 237 रनों पर सिमट गई। 282 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने शुरुआत से ही विकेट गंवाए। उसने चौथे ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी का विकेट गंवा दिया, जो सिर्फ 1 रन बनाकर अली रजा की गेंद पर चलते बने। दूसरे ओपनर आयुष म्हात्रे भी खास नहीं कर पाए और 20 रन बनाकर अब्दुल सुभान का शिकार बने। भारतीय टीम के विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा। निखिल कुमार ही संघर्ष कर सके, जिन्होंने 77 गेंदों पर 60 रन बनाए। निखिल ने अपनी पारी में 6 चौके के अलावा तीन छक्के लगाए। पुछल्ले बल्लेबाज मोहम्मद एनान ने 30 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से अली रजा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। जबकि अब्दुल सुभान और फरहान उल हक को दो-दो सफलता हाथ लगी। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 281 रन बनाए। शाहजेब खान ने सबसे ज्यादा 159 रनों की पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और पांच चौके शामिल रहे। उस्मान खान ने 6 चौके की मदद से 94 गेंदों पर 60 रन बनाए। उस्मान खान और शाहजेब खान के बीच पहले विकेट के लिए 160 रनों की पार्टनरशिप हुई। मोहम्मद रियाजुल्लाह ने भी 27 रनों का अहम योगदान दिया। भारत की ओर से तेज गेंदबाज समर्थ नागराज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं आयुष म्हात्रे को दो सफलता हासिल हुई। युद्धजीत गुहा और किरण चोरमले ने भी एक-एक चटकाया। भारतीय टीम ग्रुप-बी के अपने अगले मुकाबले में 2 दिसंबर (सोमवार) को जापान का सामना करेगी।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे में हो सकती है बाबर आजम सहित इन खिलाड़ियों की वापसी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे में पूर्व कप्तान बाबर आजम, फखर जमां के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह की वापसी हो सकती है। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले कुछ दिनों में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए एकदिवसीय टीम की घोषणा करेगा। पाक टीम अपने इस दौर में तीन एकदिवसीय, तीन टी20ङ्क और दो टेस्ट मैच खेलेगी। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार फखर को पहले फिटनेस टेस्ट में असफल होने और घुटने की समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बाहर कर दिया गया था पर अब वह फिट हो गये हैं। इसलिए उनके नाम पर विचार की पूरी संभावना है। '' वहीं चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सुझाव दिया है कि केवल टेस्ट सीरीज के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी के लिए ट्रेनिंग कैंप के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा जाए।फ्
अभी पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेल रही है। उन्होंने कहा कि बाबर के साथ-साथ शाहीन और नसीम को भी एकदिवसीय और टेस्ट टीम में शामिल किया जाये। इन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया था। फखर को टी20 मुकाबलों के लिए भी बुलाया जा सकता है पर बाबर, शाहीन और नसीम को केवल तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट में अवसर दिया जा सकता है।




# हम 49 साल से विश्व कप में पदक नहीं जीत पाए, इसे जीतना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** नई दिल्ली = भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास दो ओलंपिक कांस्य पदक हैं, लेकिन उन्हें विश्व कप में पदक नहीं जीत पाने का मलाल है और वह इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और अजीत पाल की अगुवाई में 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था।

हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस खेलों में वह टीम के कप्तान भी थे। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा तात्कालिक लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के मैच हैं। हम एशिया कप में जीत दर्ज करते विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं।

हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से जी सकेंगे। जब तक हम इसे हासिल नहीं कर लेते, हम हार नहीं मानेंगे। जहां तक हरमनप्रीत के व्यक्तिगत लक्ष्य की बात है तो वह अपने ड्रैग-फ्लिक कौशल को बेहतर बनाना चाहते हैं और अपने करियर को लंबा करने के लिए फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रैग-फ्लिक दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है और मेरा लक्ष्य अपने कौशल में लगातार सुधार करना और फिट बने रहना है।



## कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में लगी आग, 200 बाइक जलकर खाक

### –बड़ा हादसा टला, शॉर्ट सर्किट मानी जा रही वजह, पुलिस जांच में जुटी

वाराणसी। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर अचानक भीषण आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से 200 बाइकें जलकर खाक हो गई। आग उस क्षेत्र में लगी, जहां रेलवे कर्मचारी अपने वाहन पार्क करते हैं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और जीआरपी–आरपीएफ ने आग पर काबू कर लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन पर खड़ी करीब 200 बाइक आग में जलकर खाक हो गई। घटना वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर–1 पर स्थित जीआरपी के पीछे बने रेलवे के बाइक स्टैंड की है, जहां रेलवे कर्मचारी अपने वाहन खड़ा करते हैं। रेलवे पुलिस ने कुछ बाइक्स को जलने से बचा लिया। प्रत्याशिदर्शी रेलवे कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे शॉर्ट सर्किट हुई थी, जिसे बनाने के लिए बिजली कर्मचारी आए भी थे, लेकिन फिर कुछ घंटे बाद दोबारा शॉर्ट सर्किट हो गई। इस कारण पेट्रोल भरी बाइक तक चिंगारी पहुंच गई और आग भड़क गई। अगर स्टेशन पर रेलवे का फायर सेक्शन होता तो यह घटना नहीं होती और घटना में बिजली विभाग की भी लापरवाही सामने आई है। वहीं, दूसरी तरफ जीआरपी के क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से करीब 200 बाइक जल गई है। घटना के पीछे फिलहाल कारण शॉर्ट सर्किट समझ में आ रहा है। आगे की जांच की जा रही है।

## आतंकवादियों से कथित संबंध, जम्मू कश्मीर में दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों को आतंकवादियों से कथित संबंधों के कारण सेवा से बर्खास्त किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इन कर्मचारियों की पहचान स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट अब्दुल रहमान नाइका और स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक जहीर अब्बास के रूप में हुई है। राज्यभवन के अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त किया गया, जो कि एक विशेष प्रावधान है, जो राज्य के कर्मचारियों को उनके अपराधों के आधार पर सेवा से निष्कासित करने की अनुमति देता है। खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जांच में इन दोनों के आतंकवाद से जुड़े संबंध स्पष्ट रूप से सामने आए थे। उपराज्यपाल सिन्हा ने पिछले कुछ वर्षों में इसी प्रावधान के तहत कई कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश दिए हैं।

## महाकुंभ 2025 : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आस्था की नगरी में दिखेगा गौरव

### – किन्नर अखाड़े ने किया गंगा तट पर भूमि पूजन

इलाहाबाद। उत्तर प्रदेश में भारतीय संस्कृति और आस्था के महापर्व महाकुंभ 2025 की तैयारियां चारों ओर दिख रही हैं। शुक्रवार को गंगा नदी के किनारे स्थित लोकप्रिय किन्नर अखाड़े महाकुंभ के लिए भूमि पूजन किया, जिससे साफ हो गया कि इस बार के कुंभ का तत्परता से आयोजन किया जा रहा है। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने कहा ?कि किन्नर अखाड़े की ओर से इस बार कुंभ का आयोजन एक नई धारा लेकर किया जा रहा है – प्लास्टिक–मुक्त कुंभ हम इस संकल्प के साथ काम कर रहे हैं कि भारत को स्वच्छता का प्रतीक बनाने में मदद मिले। महामंडलेश्वर आनंद गिरी ने बताया ?कि किन्नर अखाड़े को इस बार सबसे महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, जिससे हमारा कुंभ प्रयागराज में और भी दिव्य और भव्य बनेगा। इस बार कि साज़ी–सजावट और समारोहों की प्रक्रिया बनाए रखने के लिए हम पत्तल का उपयोग करेंगे, जिससे पर्यावरण का भी ध्यान रखा जा सके। किन्नर अखाड़े में विदेशी और देशी किन्नरों के साथ–साथ ट्रांसजेंडर, और अन्य एलजीबीटी व्यक्ति भी इस बार किन्नर अखाड़े के पवित्र क्षेत्र में शामिल होंगे। जिससे इस क्षेत्र को एक नया पहलू मिलेगा। किन्नर अखाड़े के संतों ने उठाई पत्तल से प्लास्टिक–मुक्त कुंभ की मुहिम, जिससे दिखा समाज में जागरूकता और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में भारी महत्व दिया गया है। 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले कुंभ के संगीत, कार्यक्रम और पूजन की पूरी तैयारी भी चर्चित है। किन्नर अखाड़े ने जोरदार तैयारियों के साथ निरंतर भव्यता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिखाया कि महाकुंभ 2025 उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक अविस्मरणीय अनुभव होने वाला है।

## एक्टर शरद कपूर पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

नई दिल्ली। कई फिल्मों में काम कर चुके बॉलीवुड के एक्टर शरद कपूर पर एक युवती पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि एक्टर ने उन्हें अपने ऑफिस के बहाने घर बुलाया और फिर रेप की कोशिश की। युवती ने इस मामले की शिकायत पुलिस को दी है, पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर अभी एक्टर की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। पीड़ित युवती का आरोप है कि शरद कपूर के साथ वो फेसबुक के जरिए संपर्क में आई थीं। इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए दोनों की बात हुई। शरद ने उनसे कहा कि वे शूटिंग के सिलसिले में बात करने के लिए उनसे मिलना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने फोन के जरिए अपनी लोकेशन भेजी और उसे खार स्थित दफ्तर आने को कहा। लेकिन वहां जाने पर पता लगा कि यह उनका दफ्तर नहीं, घर है। युवती का कहना है कि जब वह शरद के खार स्थित इमारत के तीसरी मंजिल वाले घर पर पहुंचीं तो शरद किचन से बेडरूम की तरफ गए। कुछ देर बाद शरद ने आवाज देकर उसे भी बेडरूम में बुलाया। जब वो बेडरूम के दरवाजे पर गई तो उसने देखा कि शरद बिना कपड़ों के वहां बैठे हुए हैं और ऐसे में युवती ने उन्हें कपड़े पहनकर बात करने के लिए कहा। शरद ने युवती को बाहों में भरने की कोशिश की और पीछे से गलत तरीके से पकड़ा। ऐसे में युवती ने शरद को धक्का दिया और वहां से भाग निकली। युवती एक एक्टर और प्रोड्यूसर हैं। शरद कपूर की इन हरकतों के बाद उन्होंने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है।

# महज राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता

### –खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट के जरिए राहुल गांधी को दिया मैसेज



कांग्रेस राहुल गांधी और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे लोकल चुनाव जीतने की जुगत में लगी रही। बीजेपी बार-बार राज्यों में हार को राहुल गांधी की हार के तौर पर प्रोजेक्ट करती रही है। उधर राहुल गांधी के लिए भी एक साफ संदेश है कि उन्हें राज्यों के लिए अलग रणनीति के साथ चुनाव में उतरना होगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्टेट पार्टी यूनिट को साफ कहा कि महज राष्ट्रीय नेता और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे किसी चुनाव को नहीं जीता जा सकता है। इसके लिए जमीनी स्तर पर नेताओं को लोकल मुद्दों पर काम करना होगा। कांग्रेस पार्टी हरियाणा में जीत की बड़ी दावेदार होने के बावजूद भी चुनाव हार गई। महाराष्ट्र भी कांग्रेस समर्थित महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ा। खड़गे यह बात तो स्टेट पार्टी यूनिट से कर रहे थे लेकिन इसमें राहुल गांधी के लिए भी एक बड़ा मैसेज छुपा था।

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के बाद से राहुल फ्रंटफुट पर आ गए थे और राज्य चुनावों को लीड कर रहे थे। संविधान बचाओ और जातिगत जनगणना को तब बड़ा मुद्दा बनाया गया था। कांग्रेस को इसका फायदा मिला भी लेकिन चाहे हरियाणा, महाराष्ट्र हो या फिर जम्मू-कश्मीर और झारखंड, इन्हीं मुद्दों को फिर से बीजेपी को घेरने में लगी कांग्रेस को फायदा नहीं हुआ।

बीजेपी ने पिछली गलती से सीख लेते हुए होमवर्क कर राज्य चुनावों में उतरी। वहीं,

हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार से आहत खड़गे ने कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दों के अलावा राज्य स्तर के मुद्दों पर भी ध्यान देना होगा और लोगों के मूड को बदलना सीखना होगा। पार्टी राज्य चुनाव लड़ने के लिए कब तक राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं पर निर्भर रहेगी। राज्य के मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हरियाणा में पार्टी के लिए सबसे बड़ी निराशा वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच की अंदरूनी कलह बताई जाती है।

खड़गे ने कहा कि हम चुनाव हार गए हैं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता बड़े मुद्दे हैं। जाति जनगणना भी आज एक मुद्दा है। संविधान, सामाजिक न्याय और सद्भाव जैसे मुद्दे लोगों के मुद्दे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम चुनावी राज्यों में स्थानीय मुद्दों को भूल जाएं। राज्यों के कई मुद्दों को समय रहते विस्तार से समझना और उनके इर्द-गिर्द एक ठोस अभियान रणनीति बनाना भी है। आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं की मदद से राज्य के चुनाव कब तक लड़ेंगे?

## भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया अडानी है : संजय सिंह




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने फिर केंद्र सरकार और कारोबारी गौतम अडानी पर निशाना साधा है। आप सांसद सिंह ने अडानी को लेकर विवादित टिप्पणी की है। संजय सिंह ने कहा, भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया गौतम अडानी है। आप नेता सिंह ने कहा भारत में बांग्लादेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया कोई है तब वह अडानी है। वह हिंदुस्तानियों की बिजली बांग्लादेशियों को बेच रहा है। बांग्लादेश से लगती हुई सीमा की सुरक्षा केंद्र सरकार के हवाले है, तब कोई बांग्लादेशी दिल्ली तक कैसे आया और कोई आया भी है, तब केंद्र उस बाहर क्यों नहीं निकाल रही है? सिंह ने मोदी सरकार पर हमला कर कहा कि बीजेपी अब भारतीय झूठा और झगड़ा पार्टी बन चुकी है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में बिगड़ी कानून व्यवस्था और अपराध के खिलाफ आवाज उठा रहे, बीजेपी और अमित शाह अपराध को रोकने की बजाय केजरीवाल को रोकने का प्रयास कर रहे है। सिंह का यह बयान केंद्र सरकार की नीतियों और अडानी समूह के कारोबार को लेकर आलोचना के रूप में आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश को बिजली सप्लाई के नाम पर अडानी समूह भारत के संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है।

## बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग को लेकर एमएनएफ और मणिपुर सरकार के बीच खटपट



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जारी हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे की मांग ने विवाद पैदा कर दिया है। यह मांग भाजपा के सहयोगी दल मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) ने उठाई, जिसके बाद मणिपुर सरकार ने एमएनएफ पर तीखे हमले किए, यहां तक कि उन्हें देशद्रोही और म्यांमार समर्थक बता दिया।

दरअसल मिजो नेशनल फ्रंट ने मणिपुर की हिंसा के मद्देनजर सीएम सिंह के इस्तीफे की मांग की। उनका आरोप है कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था बहाल करने और संकट का समाधान निकालने में विफल रही है। इस आरोप पर मणिपुर के सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) ने एमएनएफ पर गंभीर आरोप लगाकर कहा कि वह देशद्रोही है और म्यांमार के शरणार्थियों का समर्थन करती है। बयान में एमएनएफ पर म्यांमार से अवैध घुसपैठ, हथियारों और ड्रग्स की तस्करी को बढ़ावा देने के आरोप लगाए गए। बता दें कि मणिपुर में संकट का बड़ा कारण म्यांमार से अवैध प्रवासियों का आगमन और ड्रग्स की तस्करी मानी जाती है। राज्य में लंबे समय से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष चल रहा है। एनएमएफ का बीरेन सिंह पर निशाना इस समुदायिक तनाव के बीच और अधिक उग्र हो गया है।

एमएनएफ भाजपा के साथ नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (एनईडीए) का हिस्सा है, लेकिन मणिपुर सरकार पर उठाए गए सवालों ने दोनों दलों के रिश्तों में दरार पैदा कर दी है। यह विवाद भाजपा के लिए नॉर्थ-ईस्ट में राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने की चुनौती बन सकता है, खासकर 2024 के चुनावों के मद्देनजर। मणिपुर में हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता ने राज्य की स्थिति को और जटिल बना दिया है।

# महाराष्ट्र में सरकार के गठन में देरी, एमवीए नेता शरद पवार और संजय राऊत ने कहा ये जनादेश का अपमान



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हुए 8 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस लेकर महायुति में फैसला नहीं हुआ है। इस अनिर्णय की स्थिति ने विपक्षी गठबंधन, महा विकास अघाड़ी के नेताओं को महायुति पर निशाना साधने का मौका दे दिया है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान नहीं हो रहा, जो अच्छी बात नहीं है।

एनसीपी (एसपी) प्रमुख पवार ने कहा, दिलचस्प बात ये है कि इतना स्पष्ट बहुमत होने के बाद भी अभी तक सरकार नहीं बन सकी है। इससे साफ है कि जनता द्वारा दिया गया बंपर बहुमत उनके (महायुति) लिए कोई मायने नहीं रखता। जो कुछ भी चल रहा है वह महाराष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में हाल फिलहाल में जो चुनाव हुए हैं उससे लोगों में काफी बेचैनी है, लोगों में निराशा है। शरद पवार ने आरोप लगाया कि इस बार महाराष्ट्र चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग और पैसे का इस्तेमाल बखूबी हुआ है। इसके चलते लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। जब विपक्षी नेता संसद में इस मुद्दे पर सवाल उठाते हैं, तब उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। हर दिन सुबह 11:00 बजे विपक्षी नेता संसद में अपनी बात रखने के लिए आकर कहते हैं कि उन्हें अपने मुद्दों पर बोलने दिया जाए। लेकिन उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं। अब जनता को खुद एक जन आंदोलन शुरू करना चाहिए।

बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आढ़ाव ने पुणे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के खिलाफ एक आंदोलन शुरू किया है और चुनावों में इसके इस्तेमाल को धोखाधड़ी बताया है। 90 वर्षीय बाबा आढ़ाव ने 28 नवंबर को प्रतिष्ठित समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के निवास फुले वाडा में अपना 3 दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। इस विरोध के आखिरी शनिवार को शरद पवार उनसे मिलने पहुंचे।


इस मुलाकात के दौरान पवार ने कहा, सत्ता जिनके हाथों में है उन्हें इस बारे में कोई चिंता नहीं है। यह पूरे देश का प्रश्न है। संसद में विपक्ष के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो रही और इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि संसदीय लोकतंत्र का ठीक से पालन नहीं हो रहा है। सच कहूं तब जनता जागरूक है और इसीलिए उसे खुद एक जनआंदोलन शुरू करना चाहिए। आज बाबा आढ़ाव जो आंदोलन कर रहे हैं, यह वैसा ही एक जन आंदोलन है। मुझे विश्वास है कि यह जो आंदोलन है, उसका परिणाम आज नहीं तब कल जरूर दिखेगा।

इधर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन में हो रही देरी पर कहा, बीजेपी की क्या मजबूरी है। मोदी और शाह से सब डरते हैं। लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी सीएम क्यों नहीं बन रहा है? एकनाथ शिंदे अपने गांव जाकर बैठ गए हैं। शपथ ग्रहण कब होगा, किसी को जानकारी नहीं है। वहीं शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा, सीएम शिंदे को जब भी कुछ सोचना होता है, सोचने के लिए जब वक्त चाहिए होता है, तब वह अपने गांव जाते हैं। बड़ा निर्णय लेना होता है, शिंदे वह गांव जाते हैं।

## विदेश मंत्रालय ने राहुल गांधी के बाइडेन और पीएम मोदी के याददाश्त कमजोर वाले बयान की निंदा की

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याददाश्त कमजोर होने की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण'' करार देकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जो बहुआयामी साझेदारी है, वह कई वर्षों की मेहनत, आपसी सम्मान और दृढ़ता से बनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, हम ऐसी टिप्पणियों को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। यह भारत और अमेरिका के मधुर और मैत्रीपूर्ण रिश्तों के अनुरूप नहीं है, और यह भारत सरकार के दृष्टिकोण को नहीं दिखाती है। राहुल गांधी ने 16 नवंबर को अमरावती में एक रैली के दौरान यह टिप्पणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ''ऐसा लगता है कि बाइडन की तरह मोदी की भी याददाश्त कमजोर हो रही है।''

# चुनाव आयोग को लेकर कांग्रेस नेता की विवादित टिप्पणी, कुत्ता भी वफादार होता



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी की है। कांग्रेस नेता राठौड़ ने कहा है कि कुत्ता भी वफादार होता, भाई जगताप के ऐसा कहने से कुत्ते की बेइज्जती हो रही है। राजेश राठौड़ ने कहा, भाई जगताप के इस आरोप से कुत्ते की बेइज्जती हो जाएगी। उन्हें शब्दों के चयन में धोखा हो गया होगा। कुत्ता भी कुछ समझ कर काम करता है, हमें लगता है कि उनके बयान से कुत्ते जैसे वफादार पशु का अपमान हो रहा है।

दरअसल महाराष्ट्र के विधान परिषद सदस्य भाई जगताप ने चुनाव आयोग को लेकर विवादित टिप्पणी करते हुए आयोग की तुलना कुत्ते से की थी। इस पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के नेता इस असंसदीय भाषा करार देकर उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता राठौड़ ने इसकी अलग अंदाज में व्याख्या कर रहे हैं।

दरअसल भाई जगताप ने चुनाव आयोग पर विवादित टिप्पणी में कहा था, मैंने 45 से अधिक साल राजनीति में बिताए हैं और महाराष्ट्र में इस तरह के नतीजे नहीं आए हैं। इन्होंने ऐसा कुछ काम नहीं किया है। मैं पहले से कहता आया हूं कि आज नहीं तब कल इस पर बातचीत होनी चाहिए। कांग्रेस ने मांग की है चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। हमारा लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उस लोकतंत्र पर कोई सवाल उठाता है, तब इसका जवाब चुनाव आयोग और सरकार को देना चाहिए। चुनाव आयोग तो कुत्ता है। कुत्ता बनकर नरेंद्र मोदी जी के बंगले के बाहर बैठा है। उन्होंने ईवीएम को लेकर उठ रहे सवालों पर कहा था, मैंने ये नहीं कहा कि ईवीएम हैक किया गया। मैं कह रहा हूं कि ईवीएम सेट और टेंपर किया गया है। दोनों शब्द अलग-अलग हैं। ये कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। इन्होंने सबसे पहली कोशिश मध्य प्रदेश में की।

# आरएसएस ने की हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की अपील

### –होसबोले ने कहा–बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां बनी हैं मूकदर्शक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चिन्मय कृष्ण दास की बांग्लादेश में गिरफ्तारी को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ी आपत्ति जताई है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने शनिवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय में भारत और वैश्विक समुदाय एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए और अपनी-अपनी सरकारों से हरसंभव प्रयासों की मांग करना विश्व शांति और भाईचारे के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं और आरएसएस इसकी भर्त्सना करता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां इसे रोकने की जगह मूकदर्शक बनी हैं। बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने के लिए उन पर अन्याय और अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। ऐसे ही हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। आरएसएस भारत सरकार से यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखे तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाएं। विश्व हिंदू परिषद का मानना है कि विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को संज्ञान में ले और बांग्लादेश पर अत्याचार रोकने का दबाव बनाए। विहिप ने कहा कि हम चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हैं और बांग्लादेश सरकार से किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी या धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण के गिरफ्तार करने की मानसिकता से बचने की अपेक्षा करते हैं।

# भोपाल गैस त्रासदी: गंभीर रूप से बीमार लोगों को अधिक मुआवजे के लिए शीर्ष अदालत में याचिका दायर

**भोपाल(एजेंसी)।** दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक आपदा भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए काम करने वाले चार संगठनों ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कैंसर और किडनी विकारों से ग्रस्त पीड़ितों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है। दो और तीन दिसंबर 1984 की मध्य रात्रि में भोपाल के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव के बाद कुल 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग शारीरिक रूप से प्रभावित हुए थे।

'भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन' की रचना ढींगरा ने यहां संवाददाताओं से कहा, पीड़ितों को दिए गए मुआवजे में हुए अन्याय को दूर करने के लिए दो दिन पहले याचिका दायर की गई है। हमें उम्मीद है कि इस पर तीन दिसंबर को सुनवाई होगी, जो भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं वर्षगांठ है। उन्होंने कहा कि याचिका में कैंसर और किडनी की बीमारियों से पीड़ित उन लोगों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग की गई है, जिनके स्वास्थ्य को गैस के संपर्क में आने से हुए नुकसान को गलत तरीके से अस्थायी श्रेणी में रखा गया है। ढींगरा ने आरोप लगाया, यूनियन कार्बाइड के अपने दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'मिथाइल आइसोसाइनेट' के संपर्क में आने से स्वास्थ्य को होने वाली क्षति स्थायी प्रकृति की है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आधिकारिक एजेंसी ने मुआवजे के 93 प्रतिशत दावों को अस्थायी क्षति के तौर पर माना और गैस पीड़ितों को अपर्याप्त मुआवजा मिलने के पीछे यही मुख्य कारण है। सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत दायर आवेदनों के माध्यम से प्राप्त जानकारी साझा करते हुए, भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, कैंसर से ग्रस्त 11,278 पीड़ितों में से 90 प्रतिशत और घातक किडनी रोगों से ग्रस्त 1,855 पीड़ितों में से 91 प्रतिशत को अनुग्रह राशि के अलावा मुआवजे के रूप में केवल 25,000 रुपये मिले हैं।' भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने दावा किया कि उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. एस. मुरलीधर ने शीर्ष न्यायालय में चारों गैर सरकारी संगठनों की याचिका प्रस्तुत करने पर सहमति व्यक्त की है। भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नवाब खान ने 1991 और 2023 के उच्चतम न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए दावा किया कि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुआवजे में किसी भी तरह की कमी को केंद्र सरकार द्वारा पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कमी के स्पष्ट मामले को सुधारने के लिए कैंसर और घातक किडनी रोगों से पीड़ित जीवित लोगों के लिए कम से कम पांच लाख रुपये के अतिरिक्त मुआवजे के लिए हमने याचिका दायर की है।





नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**